दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली। रविवार 29 जून-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 190 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# समाजवादी विचारधारा के प्रोफेसर राम गोपाल यादव को 79वें जन्मदिन की बधाई

## सड़क से लेकर संसद तक सदैव लड़ी है राजनीतिक शिष्टाचार के साथ गरीबों के हक की लड़ाई



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी विचारधारा के सबसे बड़े चिंतक प्रोफेसर रामगोपाल यादव का आज 79 वां जन्मदिन है। राजनीतिक शुचिता के साथ समाजवादी विचारधारा के चिंतक प्रोफेसर रामगोपाल यादव उन नेताओं में हैं जिन्होंने अपने सियासी जीवन की लंबी पारी बिना किसी आरोप के पूरी की है। ग्राम पंचायत से अपने राजनैतिक सफर को शुरू करने वाले प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने पहली बार 1992 में राज्यसभा में कदम रखा था। सरकार और विपक्ष दोनों में नेता रहे हैं। सड़क से लेकर सदन तक का अनुभव है।

बड़ी बात यह है कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जिन नेताओं ने देश और समाज को एक नया चिंतन और एक नई विचारधारा दी है, उनमें प्रोफेसर रामगोपाल यादव का नाम लिया जाता है। देश दुनिया की हर खबर से बाखबर रहने वाले प्रोफेसर रामगोपाल यादव उन नेताओं में हैं जिन्हें हिंदुस्तान के किसान, मजदूर की हर समस्या का पूरा ज्ञान है। वह उस दर्द को शिद्दत से महसूस करते हैं और यह बात उनके भाषणों से लेकर जीवन की कार्यशैली में भी दिखाई देती है। रहनुमा तो बहुत हुए हैं लेकिन प्रोफेसर रामगोपाल यादव जैसी शख्सियत सदियों में पैदा होती है। आज समाजवादी विचारधारा के प्रोफेसर रामगोपाल यादव का जन्मदिन है।

### प्रोफेसर रामगोपाल यादव की शिक्षा



प्रोफेसर राम गोपाल यादव की पढाई लिखाई में बचपन से ही रुचि थी उन्होंने आगरा विश्वविद्यालय से भौतिकी और रानजीतिक विज्ञान दोनों ही विषयों में तानकोत्तर की डिग्री हासिल की और इसके बाद उन्होंने आगरा से ही पीएचडी की। उसके वाद उन्होंने 1969 से 1974 तक इटावा के स्नातकोत्तर महाविद्यालय में फिजिक्स के प्रवक्ता रहे, इसके बाद 1974 से 1994 तक इटावा के ही चौधरी चरण डिग्री कॉलेज के प्रधानाध्यापक रहे।

### नेता जी मुलायम सिंह यादव के सबसे विश्वस्त सलाहकार थे रामगोपाल यादव

**करंट क्राइम।** राजनीति की पाठशाला के प्रोफेसर रामगोपाल यादव की समाजवादी परिवार में ये साख रही है कि सपा के संस्थापक, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, केन्द्र के पूर्व रक्षा मंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव राजनीति के हर मामले में प्रोफेसर रामगोपाल यादव से सलाह मशवरा करते थे। रामगोपाल यादव ने भी हमेशा राजनीति में अपने बड़े भाई स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के आदेश को सर्वोपरि रखा। रामगोपाल यादव का आज जन्मदिन है और वो उम्र के 79 वें पड़ाव में प्रवेश कर रहे हैं। राजनीति और खास तौर से समाजवादी राजनीति के बड़े विचारक के रूप में प्रोफेसर रामगोपाल यादव को स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की विचारधारा का उत्तराधिकारी माना जाता है। प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने राजनीति की पाठशाला में पहला अध्याय मुलायम सिंह यादव से ही सीखा। वो ये जानते हैं कि राजनीति में मर्यादा का पालन कैसे करना है। वो राजनीति का शिष्टाचार जानते हैं और ऐसे कई मौके उनके जीवन में आये हैं जब उन्होंने राजनीतिक शिष्टाचार का पालन किया है। यही वजह है कि प्रोफेसर रामगोपाल यादव की गिनती देश के उन नेताओं में होती है जिनका सम्मान विपक्षी दल के बड़े नेता भी करते हैं।



### देश दुनिया के हर वर्ग से मिल रही है जन्मदिन की बधाइयां



**करंट क्राइम।** राजनीति के पुरोधा प्रोफेसर राम गोपाल यादव आज 79 वर्ष के हो गये। सबसे खास बात ये है कि वो एक ऐसे राजनेता के रूप में अपनी पहचान स्थापित करने में सफल रहे हैं जिनका पूरा राजनीतिक कैरियर बेदाग रहा है। राजनीति की एक लंबी पारी उन्होंने पूरी जिम्मेदारी से खेली है। उनका राजनीतिक जीवन वास्तव में आज के युवा नेताओं के लिए एक उदाहरण है। किस तरह से राजनीति में अपने चरित्र अपने व्यक्तित्व के साथ-साथ अपने शब्दों के जरिए भी खुद को सम्मान के काबिल बनाया जाता है। आप प्रोफेसर राम गोपाल यादव के जन्मदिन पर उन्हें देश और दुनिया से बधाई मिल रही हैं। समाज के सभी वर्गों के गणमान्य लोगों ने प्रोफेसर राम गोपाल यादव के यशस्वी जीवन, लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी है। आज का दिन वास्तव में समाजवादी परिवार के लिए बेहद खास है। वो समाजवादी पार्टी के केवल राष्ट्रीय महासचिव ही नहीं है। वो वास्तव में पूरे समाजवादी परिवार के एक ऐसे अभिभावक हैं जिनके मार्ग दर्शन में समाजवादी परिवार राजनीति में अपनी एक पहचान स्थापित करने में सफल हुआ है।



### अखिलेश यादव मानते हैं प्रोफेसर चाचा को पोलिटिक्स में इमोशनल

करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के राजनीतिक जीवन पर सबसे ज्यादा छाप उनके चाचा प्रोफेसर राम गोपाल यादव की है। अखिलेश यादव ने प्रोफेसर रामगोपाल यादव द्वारा लिखी पुस्तक राजनीति के उस पार के विमोचन अवसर पर इस बात का खुलासा किया था कि चाचा कितने भी कड़क दिखें लेकिन राजनीतिक में मैंने इनसे ज्यादा भावुक किसी को नहीं देखा है। उनका हमेशा से ये मानना है कि चाहे बेरोजगारी हो भ्रष्ट्राचार हो हमको इन मुद्दों पर एक साथ होना चाहिए। हमारे देश का विकास होगा और हमें हमेशा हर वर्ग के हित की बात करनी चाहिए। यहां पर खास बात ये है कि जब समाजवादी परिवार में सत्तासंग्राम हुआ था तो प्रोफेसर राम गोपाल यादव ही इस पूरे मामले में आगे आये थे। वो इस पूरे मामले में एक दीवार की तरह आगे आये। यहां पर प्रोफेसर राम गोपाल यादव ने उस समय इसका सियासी खामियाजा भी भुगता था लेकिन प्रोफेसर राम गोपाल यादव ने उस समय भी बार-बार यही दोहराया था कि अखिलेश यादव के बिना समाजवादी पार्टी की परिकल्पना नहीं की जा सकती है।

**प्रोफेसर रामगोपाल यादव के 79वें जन्मदिन पर विशेष**

## राजनीति के क्षेत्र में नहीं आना चाहते थे प्रोफेसर राम गोपाल



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव कभी भी राजनीति मे नही आना चाहते थे लेकिन अपने बडे भाई और पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव (नेता जी) का आदेश टालने की हिम्मत नही दिखा सके। नेता जी के आदेश के बाद प्रोफेसर यादव ने अपने गृह जिले उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के बसरेहर ब्लाक प्रमुख पद के लिए अपना नामांकन किया और रिकार्ड मतो से जीत हासिल की। साल 1987 मे बसरेहर के ब्लाक प्रमुख बन कर प्रोफेसर यादव ने काग्रेस के पाले से यह सीट सपा के नाम कर ली थी। राजनीति में आने से पहले प्रोफेसर राम गोपाल यादव इटावा मुख्यालय पर स्थित केके कालेज में लेक्चरर थे। इसी कालेज से रामगोपाल ने अपना छात्र जीवन भी शुरू किया था। प्रोफेसर यादव का जन्म इटावा जिले के सैफई गांव में 29 जून, 1946 को जन्म हुआ। यह वो दौर था। जब तकरीबन 200 साल बाद हिन्दुस्तान अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त होने जा रहा था। देश में स्वतंत्रता आंदोलन निर्णायक स्थिति में पहुंच चुका था। देश के लोगों में आजादी को लेकर एक नयी उमंग थी, एक नया जोश था। रामगोपाल पढ़ाई में हमेशा अव्वल दर्जे के छात्र रहे। उनकी शिक्षा-दीक्षा इटावा, आगरा और कानपुर में हुई। आगरा यूनिवर्सिटी से फिजिक्स में एम एससी और कानपुर यूनिवर्सिटी से पॉलीटिकल साइंस में एम ए करने के बाद पीएचडी की। अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद अध्यापन का कार्य शुरू किया। 1969 में वह केके पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, इटावा में भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता नियुक्त हुए। आगे चलकर वह इसी कालेज में प्रोन्नत होकर रीडर बने। 1994 में वह चौधरी चरण सिंह डिग्री कालेज, हैंवरा, इटावा के प्रधानाचार्य बने। यहां पर उन्होंने 2006 तक अपनी सेवाएं दीं। जीवन में राष्ट्र को सर्वोपरि मानने वाले प्रोफेसर यादव का नाम देश की राजनीति में आदर और सम्मान के साथ लिया जाता है।





### नोटबंदी से लेकर वोटों की गोलबंदी पर रखी है राज्यसभा में बात

**करंट क्राइम।** प्रोफेसर रामगोपाल यादव एक ऐसे राजनीतिज्ञ हैं जो पूरी शालीनता और जानकारी के साथ अपनी बात सदन में रखते हैं। नोटबंदी के दौरान उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था और नोटबंदी के प्रभावों को लेकर राज्यसभा में पक्ष रखा था। उनका यह बयान काफी सराहा गया था। प्रोफेसर रामगोपाल यादव अर्थशास्त्र के भी अच्छे जानकार हैं और राजनीति में उन्होंने हमेशा से किसानों, मजदूरों और दबी कुचली जातियों के उत्थान की बात कही है। उनकी राजनीति का ये लक्ष्य भी रहा है कि हमेशा से गरीब और वंचित वर्ग की आवाज उठाई जाये। वो समाजवादी विचारधारा के एक ऐसे संवाहक के रूप में सदन में रहे हैं जिन्होंने हमेशा जरूरत पड़ने पर सही समय पर सही मुद्दे उठाये हैं। नोटबंदी से लेकर वोटों की गोलबंदी तक वो सदन में अपने विचार रख चुके हैं। वो राजनीतिक जीवन में अनुशासन प्रिय रहे हैं। फिर चाहे वो सदन की बात हो या फिर जनसभा की बात हो। हमेशा समय से पहुंचना और राजनीतिक मर्यादा के साथ काम करना उनकी जीवन शैली का अटूट हिस्सा रहा है।



### राजनीति की पाठशाला में प्रोफेसर रहे हैं पूरी तरह से नीट एंड क्लीन



**(करंट क्राइम)।** उनका सार्वजनिक जीवन पूरी तरह बेदाग रहा है। पेशे से शिक्षाविद प्रोफेसर रामगोपाल यादव संसद में जब किसी विषय पर बोलते हैं तो सत्ता पक्ष और विपक्ष सभी उनके सारगर्भित, ओजस्वी, तथ्यों और तर्क से भरपूर भाषणों को ध्यान से सुनते हैं। जीवन में बेहद अनुशासित और संयमित रहने वाले प्रो। रामगोपाल यादव को अनुशासनहीनता और उदंडता बिल्कुल पसंद नहीं है। संसद हो या संसद के बाहर, वह बेहद विनम्र, शालीन और मर्यादित आचरण करते हैं। समाजवादी पार्टी ही नहीं दूसरे राजनीतिक दलों के लोग भी उनकी मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हैं। समय के बेहद पाबंद प्रोफेसर रामगोपाल यादव सच्ची और खरी-खरी बात करने वाले इंसान हैं। वह चापलूसों और चाटुकारों से दूर रहते हैं। उनका मानना है कि इंसान के जीवन में समय सबसे अनमोल होता है, एक बार जो समय निकल जाता है। वह वापस लौटकर नहीं आता है। जो लोग समय की कद्र नहीं करते हैं उनसे कोई उम्मीद नहीं करनी चाहिए क्योंकि ऐसे लोग जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ सकते हैं।

# आए बदरा झूम के....दिल्ली समेत एनसीआर में झमाझम बारिश

## भीषण गर्मी से लोगों को मिली राहत, दो-तीन दिन छाए रहेंगे बादल




**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और एनसीआर के इलाके में शनिवार दोपहर के बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। इससे पहले लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। बता दें, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली, एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई हिस्सों में अगले दो घंटों के लिए मध्यम से भारी बारिश, गरज के साथ बौछारें और 40-60 किमी/घंटा की रफ्तार वाली तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की थी।

दिल्ली के जफरपुर, नजफगढ़, द्वारका, पालम, आईजीआई हवाई अड्डा, वसंत विहार, वसंत कुंज, हौज खास, मालवीय नगर, कालकाजी, महरौली, तुगलकाबाद, छतरपुर, इग्नू, और अयानगर जैसे इलाकों में मध्यम से भारी बारिश के साथ आंधी और बिजली गिरी।

एनसीआर के नोएडा, दादरी, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, मानेसर, और बल्लभगढ़ में भी यही स्थिति रहने की उम्मीद है। हरियाणा के जींद, हांसी, मेहम, मट्टनहेल, झज्जर, फारुखनगर, सोहना, पलवल, और उत्तर प्रदेश के सिकंदराबाद, नंदगांव, बरसाना, आगरा, और राजस्थान के नगर और डीग में भी भारी बारिश की चेतावनी है।

इसके अलावा, दिल्ली के मुंडका, पश्चिम विहार, राजौरी गार्डन, पटेल नगर, बुद्ध जयंती पार्क, राष्ट्रपति भवन, राजीव चौक, आईटीओ, दिल्ली कैंट, इंडिया गेट, अक्षरधाम, सफदरजंग, लोधी रोड, नेहरू स्टेडियम, आरके पुरम, डिफेंस कॉलोनी, और लाजपत नगर जैसे कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश, गरज के साथ बिजली और 30-50 किमी/घंटा की रफ्तार वाली हवाएं चलने की संभावना है।

# मणिपुर में राष्ट्रपति शासन के बीच नई सरकार की तैयारी

## बीरेन सिंह बोले- विधायकों के साथ चल रहीं बैठकें



**इंफाल।** मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह ने शनिवार को कहा कि राज्य में एक बार फिर से लोकप्रिय सरकार बनाने की कोशिशें चल रही हैं। इस समय मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्य कार्यालय में एक कार्यक्रम से इतर बीरेन सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि राज्य में जल्द ही एक नई सरकार बनेगी।

बीरेन सिंह ने कहा, हम जल्द से जल्द सरकार बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हम एक राष्ट्रीय पार्टी हैं। जमीनी स्थिति को देखने के बाद मुझे पूरा भरोसा है कि सरकार जल्द बनेगी। भाजपा और उसके सहयोगी भी एक लोकप्रिय सरकार चाहते हैं। हम लोकप्रिय सरकार की वापसी के लिए काम कर रहे हैं।

**'विधायकों के साथ चल रही नियमित बैठकें' :** उन्होंने आगे कहा, हमने (भाजपा) किसी की आलोचना नहीं की है। हम केवल मौजूदा संकट पर फोकस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार और संबंधित अधिकारियों से बातचीत जारी है, ताकि राज्य में शांतिपूर्ण हल निकाला जा सके। उन्होंने कहा, हम विधायकों की नियमित बैठकें कर रहे हैं, ताकि सरकार की बहाली की दिशा में कदम उठाए जा सकें। सभी लोग शांति की बहाली चाहते हैं। शांति बहुत जरूरी है। पिछले सात-आठ महीनों में समुदायों के बीच कोई बड़ी झड़प नहीं हुई है।

**'शांति बहाली में जुटी केंद्र सरकार' :** पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार दिन-रात मेहनत कर रही है, ताकि मणिपुर में शांति बहाल की जा सके।

**'अवैध घुसपैठ और नशे का खतरा' :** मीडिया के एक सवाल के जवाब में बीरेन सिंह ने कहा, मैं पहले भी कह चुका हूं कि अवैध घुसपैठिए और ड्रग माफिया पूरे पूर्वोत्तर और देश को प्रभावित कर रहे हैं। अब धीरे-धीरे सभी लोग इस समस्या को समझने लगे हैं। यह बदलाव एक सकारात्मक संकेत है। हम सब मिलकर इन खतरों से लड़ सकते हैं।

**राष्ट्रपति शासन और मौजूदा हालात :** गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया था, जब मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने पद से इस्तीफा दे दिया था। मणिपुर विधानसभा का कार्यकाल 2027 तक है, लेकिन उसे अस्थायी रूप से निलंबित किया गया है। मई 2023 से मणिपुर में मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। जिसमें अब तक 260 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और हजारों लोग बेघर हो चुके हैं।

# जगन्नाथ यात्रा : तीनों रथ गुंडिचा मंदिर पहुंचे

## रथ यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, 10 लाख से ज्यादा भक्त पहुंचे





**ओडिशा।** ओडिशा के पुरी में सालाना जगन्नाथ यात्रा का शनिवार को दूसरा दिन है। आज सुबह 10 बजे फिर रथयात्रा शुरू हुई। भक्तों ने तीनों रथों को खींचना शुरू किया।

सुबह 11.20 बजे भगवान बलभद्र का रथ तालध्वज और दोपहर 12.20 बजे देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ और इनके बाद भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ 1.11 बजे गुंडिचा मंदिर पहुंच गया है।

मुख्य मंदिर से गुंडिचा मंदिर की दूरी 2.6 किमी दूर है। 8 लाख से ज्यादा श्रद्धालु होने की वजह से अभी दो से तीन घंटे और लग सकते हैं। गुंडिचा मंदिर में भगवान 9 दिन ठहरेंगे।

पुरी में सुबह से हल्की बारिश हो रही है। इससे मौसम में अच्छा हो गया है। कल की अपेक्षा आज भीड़ 10-20% कम है, लेकिन आज भी कई लोग बीमार हो गए। पिछले दिन में 650 से श्रद्धालुओं के तबीयत खराब होने की खबर है।

शुक्रवार को रथ यात्रा में 10 लाख से ज्यादा लोग थे। देर शाम देवी सुभद्रा के रथ के आसपास भीड़ का दबाव बढ़ने से 625 से श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई। प्रशासन के मुताबिक, 70 अस्पताल में भर्ती किया गया। इनमें से 9 की हालत गंभीर है।

**यात्रा में ट्रैफिक प्रबंधन के लिए एआई आधारित सीसीटीवी कैमरे लगाए :** जगन्नाथ रथ यात्रा में पुरी जिला प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) आधारित सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। ये कैमरे यात्रा मार्ग की निगरानी के साथ-साथ भीड़ नियंत्रण में भी मदद कर रहे हैं। अपर पुलिस महानिदेशक (ट्रैफिक) दयाल गंगवार ने बताया कि इस तकनीक की मदद से श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

पुरी जिला अधिकारी सिद्धार्थ स्वैन ने एएनआई को बताया कि यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़ काफी अधिक है। सभी अनुष्ठान समय पर हो रहे हैं। इस बार एनडीआरएफ को भी तैनात किया गया है। कल हमने 6-7 अवैध ड्रोन जब्त किए हैं, क्योंकि श्री जगन्नाथ मंदिर और गुंडिचा मंदिर के ऊपर ड्रोन उड़ाने की अनुमति नहीं है।

# सामूहिक दुष्कर्म मामले में भाजपा ने मांगा सीएम ममता बनर्जी का इस्तीफा

## घटना को बताया राज्य प्रायोजित




**कोलकाता।** भाजपा ने पश्चिम बंगाल सामूहिक दुष्कर्म के मामले में राज्य की टीएमसी सरकार पर हमला बोला। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि 'जिस राज्य की सीएम एक महिला हैं, वहां महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता होनी चाहिए, लेकिन वहां इतनी असंवेदनशीलता और निर्दयता क्यों है? पीड़िता ने जो बयान दिया है, उससे साफ पता चलता है कि सामूहिक दुष्कर्म की यह घटना कहीं न कहीं राज्य प्रायोजित है।'

**भाजपा ने जांच के लिए बनाई समिति :** संबित पात्रा ने कहा कि 'यह क्रूर घटना राजनीति से प्रेरित है। मैं ऐसा क्यों कह रहा हूं क्योंकि यह पूरा मामला कॉलेज संघ से जुड़ा है। मुख्य आरोपी खुद टीएमसी की छात्र शाखा का सचिव रहा है और वह टीएमसी का सदस्य है।' भाजपा सांसद ने कहा कि 'भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की है। ये समिति घटनास्थल पर जाएगी और जांच करेगी। इस समिति के सदस्यों में पूर्व केंद्रीय मंत्री सतपाल सिंह, मीनाक्षी लेखी और सांसद बिप्लव देब और मनन मिश्रा शामिल हैं। समिति जल्द ही जांच के बाद अपनी रिपोर्ट भाजपा अध्यक्ष को सौंपेगी।'

**टीएमसी के शीर्ष नेताओं के साथ दिखा मुख्य आरोपी :** भाजपा ने कहा कि 'हम सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर ममता बनर्जी से स्पष्टीकरण नहीं मांग रहे हैं बल्कि हम उनसे माफी मांगने और सीएम पद से इस्तीफा देने की मांग करते हैं।' उन्होंने कहा कि 'पीड़िता को हॉकी से पीटा गया। जिस तरह से डरावनी फिल्मों में शैतान महिलाओं के साथ सलूक करते हैं, वैसा ही सलूक टीएमसी के गुंडों ने पीड़िता के साथ किया। वे उसे अस्पताल लेकर नहीं गए।

टीएमसी का नेता मनोजीत मिश्रा इसमें मुख्य आरोपी है। उसे अभिषेक बनर्जी, मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य के साथ भी देखा गया है। पार्टी के सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा है कि अगर कोई छात्र सहपाठी से दुष्कर्म करता है तो उसमें हम क्या कर सकते हैं?'

**राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग :** भाजपा नेता और बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए और सेना और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की जाए।

# '2047 तक भारत को हर क्षेत्र में विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें', केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के युवाओं से किया आह्वान




**गोधरा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को युवाओं से आह्वान किया कि वे संकल्प लें कि जब भारत अपनी आजादी की 100वीं वर्षगांठ यानी 2047 में मनाएगा, तब हमारा देश हर क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करेगा। अमित शाह गुजरात के पंचमहल जिले के विनजोल में मौजूद श्री गोविंद गुरु विश्वविद्यालय में 125 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। वे खराब मौसम के कारण कार्यक्रम में खुद नहीं पहुंच सके थे।

**अमित शाह ने गोविंद गुरु को दी श्रद्धांजलि :** इस दौरान अमित शाह ने भारत की आजादी की लड़ाई में आदिवासी नेता गोविंद गुरु के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान इस क्षेत्र के लोगों की चेतना को जागृत किया। उन्होंने बताया, 'ब्रिटिश सरकार के खिलाफ संघर्ष में करीब 1,512 आदिवासी भाई-बहनों ने बलिदान दिया, और मांगढ़ (गुजरात) भारत की स्वतंत्रता के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया।'

**मोदी के विजन को बताया प्रेरणादायक :** अमित शाह ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोविंद गुरु के वीरता के इतिहास को आगे बढ़ाया है और वे 2047 तक भारत को एक महान राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'हमारे युवाओं और बच्चों को यह संकल्प लेना चाहिए कि जब भारत अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाए, तब हम हर क्षेत्र में दुनिया में प्रथम स्थान पर हों।'

**गोविंद गुरु विश्वविद्यालय का सपना :** गृह मंत्री ने बताया कि गोविंद गुरु विश्वविद्यालय की स्थापना का विचार स्वयं नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए किया था। उन्होंने आगे कहा, 'यह विश्वविद्यालय और गोविंद गुरु का स्मारक पूरे देश के आदिवासी समाज के लिए प्रेरणा का केंद्र बन सके, इस उद्देश्य से यह विचार आया'।

**125 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन 3** उन्होंने जानकारी दी कि विश्वविद्यालय की स्थापना 2015 में हुई थी और आज जिन परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास हुआ है, उनकी कुल लागत 125 करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं में सेंटर फॉर एक्सीलेंस, इंडोर मल्टीपर्पस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सिंथेटिक ट्रैक, फुटबॉल और क्रिकेट मैदान, कृत्रिम झील, छात्रावास भवन शामिल हैं।

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का आपातकाल पर बड़ा हमला

# 'प्रस्तावना में बदलाव संभव नहीं, फिर भी 1976 में इसे बदला गया'




**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आपातकाल को लेकर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता क्योंकि यह वह बीज है जिस पर यह दस्तावेज विकसित होता है। लेकिन भारत के अलावा किसी अन्य देश के संविधान की प्रस्तावना में परिवर्तन नहीं किया गया।

एक पुस्तक विमोचन समारोह में उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना को 1976 के 42वें संविधान (संशोधन) अधिनियम द्वारा बदल दिया गया। इसमें समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता जैसे शब्द जोड़े गए। हमें इस पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीआर आंबेडकर ने संविधान पर कड़ी मेहनत की थी और उन्होंने इस पर ध्यान केंद्रित किया होगा।

**आरएसएस ने उठाया था संविधान की समीक्षा का मुद्दा :** इससे पहले आरएसएस ने संविधान की प्रस्तावना में शामिल समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने का मुद्दा उठाया था। आरएसएस ने कहा था कि इन शब्दों को आपातकाल के दौरान संविधान में शामिल किया गया था और ये कभी भी आंबेडकर द्वारा तैयार संविधान का हिस्सा नहीं थे।

संघ से जुड़ी साप्ताहिक पत्रिका ऑर्गेनाइजर में प्रकाशित लेख में कहा गया कि कांग्रेस की तरफ से आपातकाल के दौरान किए गए 42वें संशोधन से ये शब्द संविधान में जोड़े गए थे, जो कि संविधान सभा की मूल भावना या बहसों का हिस्सा नहीं थे।

# बिहार बना मोबाइल एप से वोटिंग शुरू करने वाला देश का पहला राज्य

**नई दिल्ली।** बिहार देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जिसने शहरी निकाय चुनावों के लिए मोबाइल एप से वोटिंग की अनुमति दी है। शुक्रवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त दीपक प्रसाद ने बताया कि यह ई-वोटिंग सुविधा आज, यानी 28 जून 2025 को पटना, रोहतास और पूर्वी चंपारण के छह नगर परिषदों में लागू की जा रही है। इसका उद्देश्य उन लोगों को सुविधा देना है, जो किसी कारणवश मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच सकते।




**ई-वोटिंग सिस्टम की खासियत**

यह नया ई-वोटिंग सिस्टम ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी और फेस रिकग्निशन जैसे अत्याधुनिक तकनीकों पर आधारित है, जो मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी और सुरक्षित बनाता है। यह सुविधा मुख्य रूप से वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग व्यक्ति, गर्भवती महिलाएं, प्रवासी मतदाता जो मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच सकते के लिए है। वोटर मोबाइल एप या राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

**सुरक्षा के लिए अपनाए गए उपाय**

एक मोबाइल नंबर से अधिकतम दो पंजीकृत वोटर ही लॉगिन कर सकते हैं।

वोट डालने से पहले फेस स्कैनिंग और वोटर आईडी से मिलान किया जाएगा।

पूरी वोटिंग प्रक्रिया ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के जरिए सुरक्षित और हैक-प्रूफ बनाई गई है।

बिहार में ई-वोटिंग के लिए रजिस्ट्रेशन कैसे करें?

एप डाउनलोड करें (फिलहाल केवल एंड्रॉयड पर उपलब्ध)।

एप इंस्टॉल करने के बाद अपना मोबाइल नंबर दर्ज करें और इसे अपनी मतदाता सूची से लिंक करें।

मोबाइल नंबर सत्यापित होते ही आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाएगा।

मतदान वाले दिन आप एप या राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के जरिए अपना वोट डाल सकते हैं।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 29 जून-2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

# अंतरिक्ष में मौजूद शुभांशु से पीएम मोदी ने की बात

**बोले- आपको पृथ्वी मां की परिक्रमा लगाने का सौभाग्य मिला**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष में गए भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत की है।इस दौरान पीएम मोदी ने शुभांशु से कहा कि आज आप भारतभूमि से दूर हैं लेकिन भारतवासियों के सबसे करीब हैं। आपके नाम में भी शुभ है। इस समय हम दोनों बात कर रहे हैं लेकिन मेरे साथ 140 करोड़ भारतवासियों की भावनाएं भी हैं, मेरी आवाज में सभी भारतीयों का उत्साह और उमंग शामिल है। अंतरिक्ष में भारत का परचम लहराने के लिए मैं आपको बधाई देता हूं, पीएम मोदी ने शुभांशु से पूछा कि वहां सब कुछ कुशल मंगल तो है, वहां सब ठीक है। इस पर शुभांशु ने कहा कि यहां सब ठीक है, सभी के आशीर्वाद और प्यार की वजह से बहुत अच्छा लग रहा है। मेरी यात्रा पृथ्वी से ऑरबिट तक की 400 किमी की यात्रा बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि आज मैं गर्व महसूस कर रहा हूं कि मैं अपने देश का प्रतिनिधित्व कर पा रहा हूं। पीएम मोदी ने कहा कि हर भारतीय देख रहा है कि आप कितने डाउन टू अर्थ हैं, साथ ही पूछा कि आप जो गाजर का हलवा अपने साथ लेकर गए, क्या वो अपने साथियों को खिलाया?

पीएम मोदी ने शुभांशु से पूछा कि अंतरिक्ष की विशालता देखकर पहला ख्याल क्या आया। इस पर शुभांशु ने कहा कि पहला ख्याल ये आया कि बाहर से कोई बॉर्डर दिखाई नहीं देता, हम भारत को मैप पर देखते हैं, भारत सच में बहुत भव्य दिखता है, जितना मैम पर देखते हैं उससे भव्य दिखता है। बाहर से देखने में लगता है कि कोई राज्य कोई देश नहीं है, बल्कि लगता है कि हम सब एक हैं। शुभांशु ने पीएम मोदी से कहा कि आपसे बात करते वक्त मैंने अपने पैर बांध रखे हैं क्योंकि यहां जीरो ग्रेविटी है, ऐसा नहीं करूंगा तो उड़ने लगूंगा।

**पीएम ने कहा, अंतरिक्ष में भारत का परचम लहराने के लिए मैं आपको बधाई देता हूं।**

साथ ही कहा कि यहां सोना बहुत बड़ी चुनौती है।इसके बाद पीएम मोदी ने पूछा कि क्या मेडिटेशन का लाभ मिलता है, इस पर शुभांशु ने कहा कि भारत दौड़ रहा है।

यहां माइंडफुलनेस का भी बहुत असर पड़ता है क्योंकि लॉन्च के दौरान की स्थिति बहुत अलग होती है, लेकिन जब दिमाग को शांत रखते हैं तो बेहतर निर्णय ले सकते हैं।

ऐसे चैलेंजिंग समय में ये सब बहुत फायदेमंद होता है।

पीएम मोदी ने शुभांशु से पूछा कि क्या ऐसा कोई एक्सपेरिमेंट है जो आने वाले समय में हेल्थ या एग्रीकल्चर सेक्टर को लाभ पहुंचाएगा।

## हाउस टैक्स के विषय को लेकर जारी है पार्षदों की जनप्रतिनिधियों से मुलाकात

# शनिवार को सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजीत पाल त्यागी और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से की गई बात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम गाजियाबाद द्वारा बढ़े हुए हाउस टैक्स के मुद्दे को लेकर 30 जून को सदन बुलाया गया है। नगर निगम के पार्षद, पूर्व पार्षद लगातार बढ़े हुए हाउस टैक्स के विरोध में प्रदर्शन, रणनीति, लैटर वार से लेकर अब जनप्रतिनिधियों से मुलाकात का सिलसिला शुरू कर चुके हैं और उनका समर्थन ले रहे हैं। तो वहीं हाउस टैक्स के विरोध में शुक्रवार को जिस तरीके से समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी एवं मंत्री राकेश यादव ने टैक्स की बढ़ोत्तरी वापस न लेने को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है, तो लगातार भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान पार्षद अपने जनप्रतिनिधियों से भी मिल रहे हैं। शनिवार को 30 जून को होने वाली बोर्ड बैठक से पहले बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के निगम पार्षदों ने शनिवार को गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, मुरादनगर विधानसभा सीट से विधायक अजीत पाल त्यागी और भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को पत्र लिखकर हाउस टैक्स का विरोध जताया है। साथ ही उनसे कहा है कि वह जनप्रतिनिधि होने के नाते पार्षदों के साथ हैं और अधिक टैक्स वृद्धि का विरोध करें, जिसमें सभी ने पार्षदों के समर्थन की बात की है।



### 30 जून की बैठक को लेकर पार्षद बना रहे हैं गहरी रणनीति

करंट क्राइम : सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 30 जून को नगर निगम के सभागार में होने वाली बोर्ड बैठक का मुख्य विषय हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी रहने वाला है। इसको लेकर लगातार नगर निगम के पार्षद बैठकों का दौर और जनप्रतिनिधियों से समर्थन ले रहे हैं। शनिवार को पार्षद नीरज गोयल, गौरव सोलंकी, हिमांशु शर्मा, पूर्व पार्षद मनोज गोयल, पार्षद नरेश भाटी, डॉ. अनिल तोमर, ओम प्रकाश ओढ़ और पूर्व पार्षद अभिनव जैन ,वेद नारायण शर्मा, कन्हैयालाल, पवन गौतम, संतोष सिंह राणा और अजीत निगम सहित बड़ी संख्या में पार्षदों बैठक करते हुए जनप्रतिनिधियों से मुलाकात भी की है। उधर पार्षदों और नगर निगम के सूत्र से जो जानकारी मिली है कि 30 जून की बैठक को सफल बनाने और जनता को बढ़े हुए हाउस टैक्स के बोझ से राहत दिलाने के लिए गहरी रणनीति बनाई जा रही है।

### जुलाई में होगी सदन का एजेंडा तैयार करने वाली बैठक और चुने जाएंगे 6 नए कार्यकारिणी सदस्य

करंट क्राइम : उधर नगर निगम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि महापौर सुनीता दयाल द्वारा नगर आयुक्त को लैटर लिखा गया है ,जिसमें सदन की बैठक का एजेंडा तैयार करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही यह जानकारी मिली है कि जुलाई माह के प्रथम सप्ताह के अंत में सदन की बैठक बुलाई जाएगी। जिसमें कार्यकारिणी के छह सदस्यों की रिक्त कुर्सी को भरने के लिए चुनाव होगा और फिर एजेंट को भी तैयार किया जाएगा। बता दें की नगर निगम के पार्षद नरेश भाटी, अमित त्यागी, पूनम सिंह, नीरज गोयल, राजीव शर्मा और नरेश जाटव का कार्यकाल खत्म हो गया है। अब 6 नए कार्यकारिणी सदस्य चुने जाएंगे और फिर नगर निगम का अगला उपाध्यक्ष कौन होगा। इसका भी चयन सर्व सहमति या चुनाव के माध्यम से किया जाएगा।

# 26 थानों के प्रभारियों ने सीखे टीम बिल्डिंग, कम्यूनिकेशन और लीडरशिप क्वालिटी के गुर

### स्किल मैनेजमेंट के जरिए कमिश्नरेट पुलिस की वर्किंग सुधारने का बना नया प्लान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा गाजियाबाद के 26 थानों के सभी प्रभारियों के लिए शनिवार को मोहन नगर स्थित आईटीएस कॉलेज में टीम बिल्डिंग, बेहतर कम्युनिकेशन और लीडरशिप क्वालिटी के साथ मैनेजमेंट स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम को आयोजन किया गया। जिसका मकसद पुलिस कर्मियों और थाना प्रभारियों द्वारा अपने आईक्यू लेवल के साथ ही बेहतर कम्युनिकेशन स्थापित करते हुए कानून व्यवस्था की स्थिति और जनता की सुनवाई को बेहतर ढंग से करना रहा। इस दौरान कार्यक्रम में एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल और आईटीएस ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढ़ा, डायरेक्टर एस सुरेंद्र और निदेशक डॉ बीएन गोस्वामी ने भी विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखें। इस दौरान अलग-अलग थाना प्रभारियों की कई टीम बनाई गई, तो उनको टास्क भी दिए गए। जिसमें उनके द्वारा किस प्रकार से टीमवर्क में काम किया जाता है और कैसे कम्युनिकेशन स्थापित करते हुए आसानी से चीज सरल बनाई जाती है, इसका भी उदाहरण पेश किया गया।

### टीमवर्क में इन प्रभारियो की टीम रही अव्वल

करंट क्राइम : शनिवार को पुलिस कर्मियों के टीम बिल्डिंग, कम्युनिकेशन स्किल, लीडरशिप क्वालिटी और स्क्रीन मैनेजमेंट को निखारने के मकसद से आईटीएस मोहन नगर में पुलिस कमिश्नर द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें थाना प्रभारियों की अलग-अलग टीम बनाई गई और उनको टास्क दिए गए। इस दौरान टीमवर्क के बीच बेहतर तालमेल बनाते हुए थाना वेव सिटी सर्वेश पाल, मधुबन बापूधाम अखिलेश सिंह, मोदीनगर नरेश शर्मा ,शालीमार गार्डन ब्रिजेश यादव और मुरादनगर अध्यक्ष अंकित कुमार द्वारा बेहतर तालमेल स्थापित करते हुए इसमें बेहतर प्रदर्शित करते हुए अव्वल बने।

### तकनीकी दक्षता के साथ-साथ मजबूत टीम भावना जरूरी : आलोक प्रियदर्शी



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने इस दौरान कहा है कि आज के दौर में सफल पुलिस अधिकारी बनने के लिए तकनीकी दक्षता के साथ-साथ मजबूत टीम भावना, प्रभावी संवाद, कुशल नेतृत्व क्षमता में अत्यंत आवश्यक है। साथ ही डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से पुलिस विभाग और अधिक सक्षम और संवेदनशील बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसके तहत पुलिसकर्मियों को विशेष ट्रेनिंग भी दी गई है।



### पुलिसकर्मियों ने दिया आइक्यू टेस्ट

करंट क्राइम : शनिवार को पुलिस कर्मियों के मानसिक और किसी भी आपात स्थिति व मौके को देखते हुए किस प्रकार से कम्युनिकेशन करना है। किस प्रकार का जवाब देना है और किस प्रकार की क्रिया प्रतिक्रिया देनी होती है। इसको लेकर भी एक क्विज किया गया था, जिसमें तमाम तरीके के चिट्स के साथ ही नोट्स मैच करने थे। तो गुब्बारे फुलाने से लेकर अपनी बात कम से कम शब्दों में समझाने का आईक्यू टेस्ट भी दिया गया। जिसमें पुलिस कर्मियों ने रुचि भी दिखाई

# सड़क हादसों में कमी लाने के लिए एनएचएआई के अधिकारियों के साथ हुई बैठक, बनाया गया सुरक्षा का नया प्लान

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे और यूपी गेट दिल्ली-बॉर्डर से डासना तक दोनों ओर लोहे की ग्रिल लगाई जाएगी, जिससे दुर्घटना में कमी आए

### - दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे और एनएच-09 पर हो रात्रि में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक एवं यातायात निरीक्षक, एडीसीपी ट्रैफिक व एसीपी ट्रैफिक के साथ शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सड़क हादसों में कमी लाने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की गई।

इस बैठक का मकसद लोगों को सुंगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था प्रदान करने के साथ ही ऐसा एक्शन प्लान बनाने पर भी चर्चा की गई है, जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

इसमें महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई है ताकि लोगों का जीवन सुरक्षित हो और वह आसानी से सफर भी कर सके।

### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे को लेकर बना है बड़ा प्लान

करंट क्राइम : एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने जानकारी दी है कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर आईपीएम व एबीएस कॉलेज के पास बने नए प्रवेश और निकास मार्ग को वर्तमान मार्ग के हिसाब से चौड़ा किया जाएगा। इसके साथ ही दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर रिफ्लेक्टिंग सिगनेज बोर्ड लगाए जाएंगे। तो दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर आसपास जहां ग्रामीण क्षेत्र और अधिक आबादी है, वहां उपयुक्त सर्विस रोड का निर्माण कराया जाना हैं।



इसके साथ ही दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर यूपी बॉर्डर से लेकर डासना तक दोनों और लोहे की रेलिंग लगाई जानी है, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। एनएच-9 से बुलंदशहर लाल कुआं उतार पर चौड़ी करण डिवाइडर को ऊंचा किया जाना हैं। वहीं दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर अतिरिक्त एंबुलेंस, पेट्रोलिंग वाहन, रिकवरी वाहनों की संख्या बढ़ाई जानी हैं, विपरीत दिशा में आने वाले वाहनों को रोकने के लिए एएनपीआर कैमरा लगाया जाना है।

### लाइटिंग से लेकर रंबल स्ट्रिप लगाए जाएंगे

करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों ने प्लान बनाया है कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे और एनएच-09 पर रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था की जाए। यातायात पुलिसकर्मियों के लिए इस पूरे मार्ग पर 20 स्थानों पर यातायात बूथ का निर्माण कराया जाए। साथ ही दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर रंबल स्ट्रिप लगाया जाए जिससे रात्रि के समय वाहन चालकों को नींद आने के बाद वह सतर्क हो जाएं और हादसों में कमी लाई जा सके।

# अब साइबर अपराधियों पर लगेगी लगाम

# 24 घंटे होगा साइबर थाने में काम




### - साइबर अपराध की बढ़ती वारदातों के बाद पुलिस कमिश्नर का निर्देश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अब थानों की संख्या बढ़ गई है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बढ़ते साइबर अपराध के मामलों को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने निर्देश दिया है कि अब साइबर थाना 24 घंटे काम करेगा। साथ ही यह अन्य थानों की तरह एक्टिव मोड में आ जाएगा। 24 घंटे थाने पर शिकायत सुनेगी और हेल्पलाइन नंबरों पर रिस्पांस करना होगा। साथ ही साइबर अपराध को कम करने के लिए अब साइबर थाने में भी सीधे मुकदमे लिखे जाएंगे। बता दें की लंबे समय से गाजियाबाद में साइबर सेल थानों में भी बनी हुई है। तो अलग से साइबर को लेकर एक सेल काम करती थी, अब इसे थाने के रूप में तब्दील किया गया है। पुलिस के अधिकारियों का मानना है कि इससे जनता को लाभ मिलेगा और साइबर अपराधियों पर लगाम लगाने में सहायता मिलेगी।

### साइबर थाने का हेल्पलाइन नंबर भी किया गया जारी

करंट क्राइम : इस मामले में पुलिस के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि जहां साइबर सेल अब थाने के रूप में काम करेगा। तो यहां 24 घंटे लोगों की सुनवाई होगी। उनके साथ साइबर फ्रॉड होने पर उन्हें तुरंत पुलिस कर्मी सलाह और मदद प्रदान करेंगे। तो वहीं हेल्प डेस्क नंबर भी जारी किया गया है, जो 8929436699 रहेगा। अधिकारियों का कहना है कि इसपर कोई भी 24 घंटे में कभी भी शिकायत कर सकता है। इस पर प्रॉपर रिस्पांस भी दिया जाएगा।

### बढ़ाई गई थाने पर पुलिस कर्मियों की संख्या

करंट क्राइम : साइबर सेल अब थाने के रूप में काम करेगी ,तो यहां पर बड़ी संख्या में उप निरीक्षकों और अन्य पुलिसकर्मियों को भी तैनाती दी गई है ,जो साइबर के काम में एक्सपर्ट हैं। साइबर क्राइम रोकने में वह साइबर थाना प्रभारी की मदद करेंगे। साथ ही आम जनता को भी इसका लाभ मिलेगा। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के प्रत्येक थाने में साइबर सेल है, जो पांच लाख रुपये से कम के साइबर अपराध की घटनाओं पर कार्य करती है। पर अब थाना सभी मामलों में एक्शन लेगा।

# कांवड़ यात्रियों की राहों में नगर निगम बिछाएगा फूल

## नगर आयुक्त ने अधिकारियों को व्यवस्था बनाने के दिये निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम कांवड़ यात्रा में पूर्व की भांति अहम भूमिका में रहने वाला है जिसके क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक की गई है। सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए 24 घंटे सफाई मित्रों की ड्यूटी कांवड़ रूट तथा कांवड़ शिवरो के पास लगाई जाएगी। डस्टबिन व अन्य व्यवस्था को बेहतर करते हुए शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। नगर आयुक्त द्वारा विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की गई, तथा कांवड़ यात्रा से पूर्ण कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए।





### साईं उपवन में होगा भव्य कांवड़ शिविर का आयोजन

**करंट क्राइम।** शिवालयों के पास पेयजल की व्यवस्था हेतु टैंकर लगाने, मार्गो में अतिरिक्त लाइट लगाते हुए प्रकाश व्यवस्था बनाने, कांवड़ रूट पर पानी छिड़काव करने, मार्गो को गड्ढा मुक्त करने, मार्गो को व्यवस्थित करने हेतु बैरिकेटिंग करने, कांवड़ मार्ग पर तथा शिवालयों के आसपास नॉनवेज की दुकानों पर प्रतिबंध लगाने, व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए गाजियाबाद नगर आयुक्त द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसके अलावा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आवश्यक दिशा सूचक बोर्ड लगाने, तथा मुख्य मार्गो पर गाजियाबाद नगर निगम कांवड़ यात्रियों के लिए फूलों से स्वागत भी करेगा, फूलों की बौछार की जाएगी तथा मार्गो में भी फूल बिछाए जाएंगे व्यवस्था करने के निर्देश उद्यान विभाग को दिए गए हैं। साईं उपवन में होगा भव्य कांवड़ शिविर का आयोजन।

### कांवड़ रूट पर पुलिस प्रशासन के साथ डटे रहेंगे निगम अधिकारी, 24 घंटे सफाई मित्रों की रहेगी ड्यूटी

**करंट क्राइम।** बैठक में मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, प्रभारी प्रकाश एसपी मिश्रा, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, आस कुमार व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। गाजियाबाद नगर निगम प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही करेगी जिसके लिए लगातार नगर आयुक्त के नेतृत्व में तैयारी चल रही है, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए 24 घंटे सफाई मित्रों की ड्यूटी कार्यवाही हेतु लगाई गई है।

### निगरानी बढ़ाने के लिए कैमरों की संख्या को बढ़ाएं अधिकारी, कांवड़ कंट्रोल रूम से करें इंटीग्रेटेड

**करंट क्राइम।** व्यवस्था को बनाए रखने हेतु कंट्रोल रूम को बनाने के लिए भी निर्माण विभाग द्वारा कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। लगे हुए कैमरा को कांवड़ कंट्रोल रूम से इंटीग्रेटेड करने तथा आवश्यकता को देखते हुए अतिरिक्त कैमरा की व्यवस्था के लिए भी नगर आयुक्त द्वारा बैठक में निर्देश दिए गए।

## संपादकीय

# भारत की दो टूक

शंघाई सहयोग संगठन (रउड) के सम्मेलन में चीन और पाकिस्तान ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को कमजोर करने का प्रयास किया, जिसके कारण संयुक्त बयान जारी नहीं हो सका। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद पर कोई समझौता न करने का कड़ा संदेश दिया। शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (रउड) के सम्मेलन में संयुक्त बयान पर हुआ घटनाक्रम चीन और पाकिस्तान का आतंक के खिलाफ भारत की लड़ाई को कमजोर करने का प्रयास है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर स्पष्ट संदेश दिया है कि आतंकवाद पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। भारत विरोधी अजेंडा बैठक में रक्षा मंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि आतंकियों, उनके समर्थकों, फंडिंग करने वालों और सीमा पार से आतंक फैलाने वालों को जवाबदेह ठहराना जरूरी है। लेकिन, जब भारत ने यह प्रस्ताव दिया कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले को संयुक्त बयान में शामिल किया जाए, तो चीन और पाकिस्तान ने मिलकर इसका विरोध किया। असंतुलित नजरिया पाकिस्तान की ओर से यह कोशिश की गई कि बलूचिस्तान में हुई घटनाओं और वहां की स्थिति को संयुक्त बयान में जगह मिले। यह एक सोची-समझी रणनीति थी। वर्तमान रउड अध्यक्ष होने के नाते सदस्यों के बीच संतुलन की जिम्मेदारी चीन की थी, लेकिन उसने हमेशा की तरह पाकिस्तानी अजेंडे को आगे बढ़ाया। भारत के रुख से उसे झटका लगा है। संयुक्त बयान जारी न होना बड़ी नाकामी है। पुरानी चाल बलूचिस्तान के मानवीय संकट को आतंकवाद का रूप देकर पाकिस्तान वहां के लोगों पर हो रहे अत्याचारों को छिपाना चाहता है। वह भारत पर झूठे आरोप लगाकर अंतरराष्ट्रीय सहानुभूति बटोरने की पुरानी रणनीति पर चल रहा है। वहीं चीन, जो खुद शिनच्यांग में उइगुर मुस्लिमों के खिलाफ दमनकारी नीतियों के लिए बदनाम है, पाकिस्तान की इसी भाषा का समर्थन कर रहा है। दोनों को ही पता है कि आतंकवाद पर होने वाली किसी भी बात का सिरा पाकिस्तान तक ही पहुंचेगा। चीन ऐसा नहीं होने दे सकता, क्योंकि भारत के खिलाफ इस्लामाबाद उसका मोहरा है। मकसद भुला दिया रउड की स्थापना इसलिए की गई थी, ताकि सोवियत संघ के विघटन के बाद इलाके में शांति और सुरक्षा बनी रहे। इस समूह का प्राथमिक लक्ष्य है - आपसी सहयोग से एक-दूसरे की सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को दूर करना। लेकिन, चीन और पाकिस्तान ने रउड की इस मूल भावना के विपरीत काम किया है। अपने तुच्छ हितों के लिए उन्होंने ऑर्गनाइजेशन के मकसद को भुलाकर कूटनीतिक संकट पैदा कर दिया। संगठन पर असर संयुक्त बयान को आतंकवाद के मुद्दे से भटका कर चीन और पाकिस्तान ने संगठन की विश्वसनीयता व उद्देश्य पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जब कोई संगठन अपने ही मूल सिद्धांतों से पीछे हटने लगे, तो फिर उसका अंतरराष्ट्रीय कद और प्रभाव भी गिरने लगता है। रउड इसका शिकार न हो, इसके लिए दूसरे सदस्य देशों को चीन-पाकिस्तान की चालबाजियों को समझना होगा।

# भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई की जोरदार वापसी

## जून में अब तक 8915 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश



**नई दिल्ली।** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार इस हफ्ते विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों में 13,107.54 करोड़ रुपये डाले हैं।इन नए निवेशों के साथ जून के महीने में कुल शुद्ध निवेश अब 8,915 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। विदेशी निवेशकों की गतिविधियों में यह बदलाव हाल के दिनों मे अमेरिका, ईरान और इस्त्राइल के बीच भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद आया है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस हफ्ते भारतीय इक्विटी बाजार में भारी निवेश किया है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार विदेशी निवेशकों ने 23 जून से 27 जून के सप्ताह के दौरान भारतीय बाजार में 13,107.54 करोड़ रुपये डाले हैं। यह निवेश भारतीय शेयर बाजारों में निवेशकों के मजबूत विश्वास को दशार्ता है।

जून में अब तक 8,915 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आंकड़ों से पता चला कि विदेशी निवेशकों ने खासकर सोमवार और शुक्रवार को बढ़-चढ़कर बाजारों में पैसे डाले। इन नए निवेशों के साथ जून के महीने में कुल शुद्ध निवेश अब 8,915 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

### पश्चिम एशिया में हुए संघर्ष विराम ने बाजार को सहारा दिया

विदेशी निवेशकों की गतिविधियों में यह बदलाव हाल के दिनों मे अमेरिका, ईरान और इस्राइल के बीच भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद आया है। संघर्ष विराम के बाद वैश्विक बाजार की धारणा में सुधार हुआ है। इससे विदेशी निवेशक भारत जैसे उभरते बाजारों को अधिक सकारात्मक रूप से देखने के लिए प्रोत्साहित हुए हैं। वैश्विक स्थिरता, नीतिगत समर्थन और मजबूत आर्थिक संकेतकों के संयोजन ने इस समय भारत को विदेशी निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना दिया है।

### ब्याज दरों में कटौती और कम महंगाई का भी असर पड़ा

इसके अलावा, मजबूत घरेलू बुनियादी तत्व इस नए रुझान का समर्थन कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में ब्याज दरों में 50 आधार अंकों की कटौती की है। इससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। साथ ही, देश में मुद्रास्फीति निम्न स्तर पर बनी हुई है, जिससे निवेशकों का विश्वास मजबूत हुआ है।

इससे पहले मई में शुद्ध एफपीआई प्रवाह सकारात्मक रहा और 19,860 करोड़ रुपये रहा। इससे मई विदेशी निवेश के मामले में इस साल अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला महीना बन गया।

## भारतीय कंपनियां इस साल करेंगी कई सौदे

# जेएसडब्लयू पेंट्स खरीदेगी नीदरलैंड की कंपनी, तो बजाज करेगी सबसे बड़ा सौदा

**नई दिल्ली।** भारतीय कंपनियां इस साल बड़े सौदे करने की तैयारी में हैं। सज्जन जिंदल की जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने डच पेंट निमार्ता अक्जो नोबेल इंडिया के अधिग्रहण के लिए 12,915 करोड़ का सौदा किया है। यह इस साल का तीसरा बड़ा सौदा है। इससे वह देश में पेंट उद्योग में चौथी बड़ी कंपनी बन जाएगी। जेएसडब्ल्यू अक्जो नोबेल इंडिया में 8,986 करोड़ रुपये में 74.76 प्रतिशत और खुले बाजार से 3,929.06 करोड़ रुपये में 25 प्रतिशत हिस्सा खरीदेगी।

इस सौदे से पहले जापान की सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन ने मई में 13,483 करोड़ रुपये में यस बैंक में 20 फीसदी हिस्सा खरीदने की घोषणा की थी।



एसबीआई सात अन्य बैंकों के साथ मिलकर यस बैंक में 20% हिस्सा सुमितोमो मित्सुई को बेचेगा। सुमितोमो-यस बैंक सौदा भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में सबसे बड़ा सीमापार निवेश था। इस वर्ष सबसे बड़ा सौदा बजाज समूह का है। बजाज समूह ने बजाज आलियांज लाइफ व जनरल बीमा में आलियांज की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी को 24,180 करोड़ में मार्च में खरीदने की घोषणा की थी। ओएनजीसी-एनटीपीसी ग्रीन की अयाना रिन्यूएबल पावर को 19,500 करोड़ मूल्य पर खरीदने की योजना है।

### एनएसई पर सभी की नजर

निवेशकों की नजर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी एनएसई के आईपीओ पर है। यह भारतीय आईपीओ की जननी है। हाल में सेबी चेयरमैन तुहिनकांत पांडे ने कहा था, एनएसई के आईपीओ में सेबी की ओर से अब कोई बाधा नहीं है। सूत्रों ने बताया, एनएसई ने को-लोकेशन और डार्क फाइबर मामले में 1,388 करोड़ में सेबी को सेटलमेंट का ऑफर दिया है। एनएसई का मूल्य 6 लाख करोड़ आंका गया है।

# ऋण वृद्धि सरप्लस लिक्विडिटि के बजाय आर्थिक गतिविधियों से होती है प्रभावित, रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था में ऋण वृद्धि लिक्विडिटी सरप्लस के आकार की तुलना में समग्र आर्थिक गतिविधि से अधिक प्रभावित होती है। अंतरराष्ट्रीय बैंक स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में यह बात कही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि उच्च तरलता अधिशेष असुरक्षित व्यक्तिगत ऋण वृद्धि (उपभोक्ता टिकाऊ ऋण को छोड़कर) को कुछ सहायता प्रदान कर सकता है, लेकिन यह स्वचालित रूप से व्यापक ऋण वृद्धि की ओर नहीं ले जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है, ऋण वृद्धि तरलता अधिशेष के आकार की तुलना में आर्थिक गतिविधि पर अधिक निर्भर करती है



हालांकि, असुरक्षित व्यक्तिगत ऋण वृद्धि (उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं को छोड़कर) एक बड़े तरलता अधिशेष का लाभ ले सकती है।

रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि असुरक्षित व्यक्तिगत और उपभोक्ता टिकाऊ ऋण को छोड़कर ऋण वृद्धि अतिरिक्त तरलता की अवधि के दौरान धीमी हो जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऋण की वास्तविक मांग, जो आर्थिक गतिविधि से निकटता से जुड़ी हुई है, धन की उपलब्धता या लागत की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण चालक है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दिसंबर 2016 से सितंबर 2017 की अवधि के दौरान, जब तरलता अधिशेष शुद्ध मांग और समय देयताओं (एनडीटीएल) के 2.6 प्रतिशत और 3.3 प्रतिशत के बीच था, सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में ऋण (असुरक्षित व्यक्तिगत और उपभोक्ता टिकाऊ ऋण को छोड़कर) 48.9 प्रतिशत से गिरकर 46.2 प्रतिशत हो गया। यह गिरावट 2019 के मध्य तक जारी रही। दिलचस्प बात यह है कि असुरक्षित व्यक्तिगत ऋण वृद्धि (उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं को छोड़कर) ने पिछले एक दशक में मजबूत तेजी दिखाई है।

# भारत की जीडीपी में निजी खपत दो दशक के उच्चतम स्तर पर निर्यात 6.3 प्रतिशत बढ़ा, आयात में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार भारत की जीडीपी में निजी खपत की हिस्सेदारी बढ़कर 61.4 प्रतिशत हो गई है। यह दो दशकों का उच्चतम स्तर है। वित्त वर्ष 2025 में निजी अंतिम उपभोग में 7.2 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि हुई। इसके अलावा, सकल स्थिर पूंजी निर्माण और निर्यात में भी बढ़ोतरी हुई है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संदेश है। भारत की निजी खपत में मजबूत वृद्धि देखी गई है। यह दो दशकों में देश के सकल घरेलू उत्पाद में उच्चतम हिस्सेदारी तक पहुंच गई है। वित्त मंत्रालय के नवीनतम मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी मिली। निजी खपत का मतलब है, व्यक्तिगत या घरेलू स्तर पर वस्तुओं और सेवाओं पर किया जाने वाला खर्च। यह किसी देश की अर्थव्यवस्था में वस्तुओं और सेवाओं की कुल मांग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2025 में भारत की जीडीपी में निजी खपत की हिस्सेदारी बढ़कर 61.4 प्रतिशत हो गई। यह वित्त वर्ष 2024 में 60.2 प्रतिशत थी। यह पिछले दो दशकों में दूसरा सबसे ऊंचा स्तर है, जो उपभोग मांग में निरंतर मजबूती का संकेत देता है। निजी खपत में यह वृद्धि मुख्य रूप से स्थिर निवेश गतिविधि और शुद्ध निर्यात में बढ़तोरी से प्रेरित थी।





### निजी अंतिम उपभोग में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि

मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 में निजी अंतिम उपभोग में 7.2 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि हुई। वहीं, वित्त वर्ष 2024 में इसमें 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। यह सुधार खासतौर से ग्रामीण मांग में उछाल से समर्थित था। निजी अंतिम उपभोग व्यय, घरों और गैर-लाभकारी संस्थाओं द्वारा वस्तुओं और सेवाओं पर किए गए कुल खर्च को दशार्ता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्रिस्टोफर श्लेस ने टाइपराइटर के लिए पेटेंट अधिकार हासिल किया था।
- फ्रेडरिक डगलस अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकित होने वाले पहले अफ्रिकी-अमेरिकी बने थे।
- अल्बर्ट आइंस्टीन ने मूविंग बॉडीज के इलेक्ट्रोडडायनामिक्स पर लेख भेज दिया, जिसमें उन्होंने एनालेन डेर फिजिक में प्रकाशन के लिए विशेष सापेक्षता प्रस्तुत की थी।
- अमेरिकी राष्ट्रपति वॉरेन जी हार्डिंग ने संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति विलियम हॉवर्ड टाफ्ट के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की थी।
- एबीसिनिया के सम्राट हैइल सेलासी ने अपने देश के इटली पर आक्रमण के खिलाफ लीग ऑफ नेशंस की सहायता के लिए अपील की थी।
- लंदन में दुनिया का पहला आपातकालीन टेलीफोन नंबर 999 पेश किया गया था।
- जनसंघ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी की कश्मीर में कैद के दौरान मौत हो गई थी।

## राशिफल

**मेष:** सयुंक्त परिवार में सगे-संबंधियों से किसी बात को लेकर मतभेद होने की संभावना हैं। एकल परिवार में लोगों का अपने पुश्तैनी घर जाना हो सकता है।

**वृष:** आप अपना ज्यादातर समय अपने परिवार को देंगे तथा उनके साथ आपका स्वभाव मैत्रीपूर्ण रहेगा जिससे रिश्तों में मधुरता आएगी।

**मिथुन:** आज के दिन आपका मन पढ़ाई में कम तथा अन्य क्षेत्रों में ज्यादा लगेगा लेकिन मन में किसी चीज को लेकर शंका बनी रहेगी।

**कर्क:** व्यापार में सफलता मिलेगी तथा आपके शत्रु भी आपसे प्रभावित होंगे। बाजार में आपको लेकर सकारात्मक माहौल बनेगा।

**सिंह:** यदि आप उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे है तो जीवन में एक नया मार्गदर्शक मिलेगा जो आपको सही राह दिखा सकता हैं।

**कन्या:** यदि प्रेम जीवन में हैं तो खर्चे बढ़ जायेंगे तथा आप अपने पार्टनर के लिए कुछ नया करने का प्रयास करेंगे।

**तुला:** आर्थिक दृष्टि से आज का दिन आपके लिए मंगलकारी रहेगा तथा रुके हुए कार्य बनेंगे। यदि पैसे कही अटके पड़े हैं तो वे भी वापस मिलेंगे।

**वृश्चिक:** यदि आपके विवाह को दस वर्ष से ज्यादा का समय हो चुका हैं तो आपका अपने साथी के प्रति विश्वास और मजबूत होगा।

**धनु:** आज के दिन आप अपने काम में ज्यादा व्यस्त होने के कारण माता-पिता को ज्यादा समय नही दे पाएंगे लेकिन मन में उनकी सेवा करने का भाव बना रहेगा।

**मकर:** आज के दिन आप मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे व रचनात्मकता में वृद्धि होगी। सभी के साथ बोलते समय अपना व्यवहार मृदु रखे तथा मीठी वाणी बोले।

**कुंभ:** आपका मधुर व्यवहार परिवार के लोगों को आपकी ओर आकर्षित करेगा तथा वे आपकी बातों से प्रभावित होंगे। घर में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा।

**मीन:** परिवार में सब कुछ ठीक रहेगा तथा आपको अपने ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिल सकता हैं। ऐसे में सभी के प्रति अपने व्यवहार को मृदु रखे।

## चुटकुले

एक भिखारी ने दरवाजे पर आवाज लगाई- दाता के नाम पर रोटी दे दो।
भीतर से आवाज आई - मम्मी घर में नहीं हैं।
इस पर भिखारी बोला - मैं रोटी मांग रहा हूं, तुम्हारी मम्मी नहीं।

---

टन्नू ने जंगल में शेर पर बंदूक तानी थी कि शेर ने फुर्ती से झपट्टा मारकर बंदूक दूर गिरा दी। एक झापड़ मारा टन्नू को और कहा- बोर्ड नहीं पढ़ा, कि यहाँ शिकार करना मना है।
टन्नू ने बोर्ड पढ़कर सॉरी कहा, और जाने लगा।
मगर शेर ने कहा ठहरो- अब मैं तुम्हारा शिकार करूँगा।
टन्नू ने कहा- ऐसा कैसे? बोर्ड पर तो मनाही लिखी है।
शेर लापरवाही से- लिखी होगी, बाश्शाओ।
अपन तो अनपढ़ हैं।

---

तुम घोडे के बराबर नहीं दौड सकते हो?
लेकिन घोडा दौड में मुझसे आगे नहीं जा सकता।
ऐसा हो ही नहीं सकता।
क्यों नहीं हो सकता, मैं घोडे पर बैठा जो रहूंगा।





प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ललित उपाध्याय ने कहा

# यूरोप जाने से पहले ही संन्यास के बारे में सोच लिया था



**नई दिल्ली।** पहली बार हॉकी थामी तो मकसद बेरोजगार पिता और सिलाई करके घर चलाने वाली मां की मदद करना था, लेकिन दो ओलंपिक पदक जीतने वाले ललित उपाध्याय को खुशी है कि देश के लिये कुछ करने का जरिया यह खूबसूरत खेल बना। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे अनुभवी मिडफील्डर ललित ने एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से विदा ले ली।

ललित ने खेल से संन्यास के बाद भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा, 'करीब 32 साल की उम्र हो गई है और मुझे लगा कि अब समय आ गया है कि विदा ले लेनी चाहिये । मैं यही चाहता था कि शिखर पर रहकर ही विदा लूं और लिगामेंट चोट के बावजूद मेरी फिटनेस और फॉर्म अच्छा रहा है।' यह पूछने पर कि क्या उन पर संन्यास का दबाव था, उन्होंने कहा, 'यह फैसला मैने खुद लिया है। मैं खुद को खींचना नहीं चाहता था। मुझे हरमनप्रीत समेत कई लोगों ने रोका लेकिन मैने मन बना लिया था। मैं बनारसी फक्खड़ हूं और एक बार सोच लिया तो फिर सोच लिया।'

भारत के लिए 183 मैचों में 67 गोल कर चुके ललित ने कहा, 'मैं खुश हूं कि हॉकी इंडिया ने काफी सम्मान और मौके दिए। टीम का अच्छा साथ रहा, लेकिन अब समय हो गया था। एफआईएच प्रो लीग के लिये यूरोप जाने से पहले ही मैं सोच रहा था कि अब छोड़ दूंगा, लेकिन घरेलू हॉकी और लीग खेलता रहूंगा।' प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत को एकमात्र जीत बेल्जियम के खिलाफ आखिरी मैच में मिले और जीतकर सीधे विश्व कप के लिये क्वालिफाई करने का सपना भी टूट गया।

ओलंपिक पदक, एशियाई खेल 2022 में स्वर्ण पदक और 2022 राष्ट्रमंडल खेल रजत समेत कई उपलब्धियां अर्जित कर चुके ललित ने कहा कि जब उन्होंने शुरूआत की तब एकमात्र लक्ष्य अपनी मां की घर चलाने में मदद करना था। उन्होंने कहा, 'परिवार की स्थिति बहुत खराब थी । पापा की कपड़े की छोटी सी दुकान बंद हो गई थी और मां सिलाई करके घर चलाती थी। ऐसे में बेहतर भविष्य की तलाश में और नौकरी पाने के लिये हॉकी थामी थी। मैं और बड़ा भाई डेबोर्डिंग में रहते थे तो ढाई. तीन सौ रुपए मिलते थे जिससे मम्मी को सिलाई मशीन दिलाई थी।'

उत्तर प्रदेश पुलिस में उप अधीक्षक ललित को कैरियर के पहले ही कदम पर झटका लगा जब एक स्टिंग आपरेशन में अनजाने ही उनका नाम आया। एक टीवी चैनल के रिपोर्टर ने तत्कालीन भारतीय हॉकी महासंघ (आईएचएफ) सचिव के ज्योतिकुमारन के सामने एक खिलाड़ी को भारतीय टीम में जगह देने की एवज में प्रायोजन प्रस्ताव रखा और वह खिलाड़ी ललित था।

उस घटना को अपने कैरियर की सबसे कड़वी याद बताते हुए ललित ने कहा, 'मैं 17 बरस का था और भारत के लिये खेलने का सपना लेकर आया था । उस घटना के बाद टीम से बाहर हुआ और चार साल तक लोगों के ताने और शक भरी नजरों का सामना किया जबकि मेरी गलती भी नहीं थी । मैं न जाने कितनी बार अकेले में रोया। घर भी नहीं जा सकता था कि लोग क्या कहेंगे ।ऐसे में मां ने कहा कि सही हो तो हॉकी मत छोड़ना। अच्छा खेलकर नौकरी हासिल कर लो और तभी मैंने सोचा कि अब भारत के लिये हर हालत में खेलना है। इसके बाद एयर इंडिया के लिये खेला और लोगों ने मेरी प्रतिभा को पहचानना शुरू किया।'

इसके बाद 2011 में बनारस को विश्व हॉकी के मानचित्र पर पहचान दिलाने वाले भारत के महान खिलाड़ी मोहम्मद शाहिद से मुलाकात हुई जिसे वह कभी नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा, '2011 में बनारस में एक नुमाइशी मैच में कई ओलंपियन जुटे थे। मेरे घर में आज भी वह तस्वीर है जो मैने शाहिद भाई, धनराज पिल्लै और दिलीप टिर्की जैसे दिग्गजों के साथ खिंचवाई थी। मुझे धनराज भाई ने शाहिद सर से मिलवाया लेकिन वह तस्वीर मुझे अधूरी लगती थी क्योंकि ये सभी दिग्गज ओलंपियन थे। अब लगता है कि वह तस्वीर पूरी हो गई।'

## 'शानदार उपलब्धि', नंबर-एक भारतीय बनने और उजचेस कप जीतने पर गौतम अदाणी ने प्रज्ञानंद को दी बधाई





**नई दिल्ली।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद शुक्रवार को ताशकंद में उजचेस कप मास्टर्स 2025 जीतने के बाद लाइव रेटिंग में भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले शतरंज खिलाड़ी बन गए। इस जीत से प्रज्ञानंद की लाइव रेटिंग 2778.3 तक पहुंच गई जिससे वह तीन स्थान की उछाल से दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बन गए। इस तरह उन्होंने अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की।

अदणी समूह के चेयरमैन और बिजनेस टाइकून गौतम अदाणी ने शनिवार को ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानंद की सराहना की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट किया, 'बधाई हो प्रज्ञानंद! आप पर गर्व है! उजचेस कप जीतना, भारत का नंबर एक और दुनिया के चौथे नंबर का खिलाड़ी बनना क्या उपलब्धि है! और आप अभी भी सिर्फ 19 साल के हैं! भारत के युवा वास्तव में हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं।'

इस 19 साल के खिलाड़ी ने विश्व चैंपियन डी गुकेश (2776.6) और अर्जुन एरिगैसी (2775.7) को पछाड़ दिया जो गुरुवार तक भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी थे, लेकिन अब दुनिया के छठे नंबर पर खिसक गए। मैग्नस कार्लसन (2839.2) शीर्ष पर बने हुए हैं। प्रज्ञानंद ने अंतिम दिन स्थानीय दावेदार नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव से एक अंक पीछे और जावोखिर सिंदारोव से आधा अंक पीछे से शुरूआत की।

अंतिम दौर में अब्दुसत्तोरोव पर एक अहम जीत ने उन्हें राउंड-रॉबिन चरण के अंत में 5.5 अंक के साथ दोनों खिलाड़ियों के बराबर लाने में मदद की। एरिगैसी ने अरविंद चितंबरम के साथ ड्रा करके इसे चार खिलाड़ियों का टाई बनाने का मौका गंवा दिया। टाईब्रेक के पहले दौर में तीनों खिलाड़ियों ने डबल राउंड-रॉबिन ब्लिट्ज में दो अंक हासिल किए। अब्दुसत्तोरोव और सिंदारोव ने अपनी दोनों बाजी ड्रा की जबकि प्रज्ञानंद ने दोनों को सफेद मोहरों से हराया लेकिन काले मोहरों से हार गए। दूसरे टाईब्रेक में प्रज्ञानंद ने अब्दुसत्तोरोव के साथ सफेद मोहरों से ड्रा किया और सिंदारोव को काले मोहरों से हराया। सिंदारोव की अब्दुसत्तोरोव पर जीत ने भारतीय खिलाड़ी के लिए खिताब पक्का कर दिया।

यह प्रज्ञानंद का इस साल का तीसरा खिताब है। इससे पहले उन्होंने टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट और रोमानिया में ग्रैंड शतरंज टूर सुपरबेट क्लासिक में जीत हासिल की थी। इस महीने की शुरूआत में स्टीफन अवग्यान मेमोरियल में भी वह उपविजेता रहे थे। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने सोशल मीडिया पर प्रज्ञानंद को बधाई देते हुए लिखा, 'उज्बेकिस्तान शतरंज कप जीतने के लिए आर प्रज्ञानंद को बधाई।'

उन्होंने लिखा, 'इस साल यह उनकी तीसरी बड़ी क्लासिकल जीत। इस साल उनकी सभी जीतों में से इस जीत की संभावना सबसे कम लग रही थी। उन्होंने अर्जुन एरिगैसी को हराया और आज अहम मैच में अब्दुसत्तोरोव को हराकर पहला स्थान हासिल किया। वह शतरंज की दुनिया में नए चौथे नंबर के और भारत में सर्वोच्च रेटिंग वाले खिलाड़ी हैं।'

## तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी का जलवा, अमेरिकी ओपन बैडमिंटन के सेमीफाइनल में पहुंचे





**नई दिल्ली।** भारत की प्रतिभाशाली खिलाड़ी तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सुपर 300 टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। 16 वर्ष की तन्वी ने 33 मिनट के भीतर मलेशिया की ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी कारूपाथेवन लेतशाना को 21 . 13, 21 . 16 से हराया ।

आयुष ने जूनियर विश्व चैम्पियन चीनी ताइपै के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराया। पुरूष युगल में हरिहरन अम्साकारूनन और रूबान कुमार आर को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चियांग चियेन और वेइ वू सुआन यि ने 21-9, 21-19 से मात दी। तन्वी का सामना अब यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा जबकि आयुष की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन से होगी।

## 150+ विकेट लेने वाले गेंदबाजों में बुमराह का औसत शानदार; 2022 से जडेजा ने की है सर्वाधिक गेंदबाजी

**मुंबई।** भारतीय टीम इन दिनों इंग्लैंड के दौरे पर है। दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। पहला मुकाबला मेजबानों ने पांच विकेट से जीता और सीरीज 0-1 की बढ़त हासिल की। अब दोनों का सामना दो जुलाई से एजबेस्टन में शुरू होने वाले मुकाबले में होगा। इस मुकाबले में बुमराह का खेलना मुश्किल है। कार्यभार को मैनेज करने के उद्देश्य से टीम प्रबंधन उन्हें आराम दे सकता है। इस मैच से पहले हम आपको तेज गेंदबाज बुमराह के बेहतरीन रिकॉर्ड पर चर्चा करेंगे।





### 150+ टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों में बुमराह का बेहतरीन औसत

बुमराह भारतीय क्रिकेट की धरोहर हैं। टेस्ट में 150+ विकेट लेने वाले गेंदबाजों में उनका औसत दूसरा सबसे बेहतरीन है। 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ने 88 पारियों में 19.60 के औसत से 210 विकेट हासिल किए हैं। इस मामले में शीर्ष पर इंग्लैंड के महान गेंदबाज सिडनी बार्न्स हैं, जिन्होंने 50 पारियों में 16.43 के औसत से 189 विकेट चटकाए। तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के एलन डेविडसन हैं। उन्होंने 82 पारियों में 20.53 के औसत से 186 विकेट चटकाए।

### 2022 से जडेजा ने की है सर्वाधिक गेंदबाजी

भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भी पीछे नहीं हैं। वह 2022 से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक ओवर गेंदबाजी करने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 93 पारियों में 1043.4 ओवर गेंदबाजी की है। इस मामले में दूसरे स्थान पर तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज हैं, जिन्होंने 102 पारियों में 957.1 ओवर गेंदबाजी की है। उन्होंने महान स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ा है। पूर्व स्पिनर ने 65 पारियों में 902.2 ओवर गेंदबाजी की। बुमराह इस मामले में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने 2022 से 76 पारियों में 818.4 ओवर गेंदबाजी की है।

## 'महान टीमें क्षेत्ररक्षण में भी शानदार रहीं' ब्रैड हैडिन ने भारत की फील्डिंग पर कसा तंज





**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैड हैडिन का मानना है कि शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में खराब फील्डिंग की समस्या से उबरने के लिए अपने रवैये में बदलाव करना होगा। भारतीय क्षेत्ररक्षकों खासकर यशस्वी जायसवाल ने पहले टेस्ट में कई कैच टपकाए। भारत को बेन स्टोक्स की टीम ने पांच विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया के लिए 66 टेस्ट खेल चुके हैडिन ने कहा, 'हर दौर में हर महान टीमें फील्डिंग में भी शानदार रही हैं। शुभमन गिल को भी इस टीम में इसकी शुरूआत करनी चाहिए। इसके लिए रवैये में बदलाव की जरूरत है। आप अच्छी फील्डिंग करना चाहते हैं और हर समय प्रतिस्पर्धी रहना चाहते हैं, यह रवैये की बात है।'

हैडिन ने कहा कि आईपीएल में भी कैचिंग का स्तर बहुत खराब था। उन्होंने कहा, 'इस साल आईपीएल में कैचिंग बहुत ही लचर रही। हमने प्रतिभाशाली गेंदबाजों और बल्लेबाजों की बात की, लेकिन असल समस्या कैचिंग की थी। मैं इतना जरूर कहूंगा कि सर्वश्रेष्ठ फील्डिंग टीम बनने का तरीका तलाशना होगा क्योंकि प्रतिभा की कमी नहीं है।' हैडिन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 66 टेस्ट में 32.99 की औसत से 3266 रन बनाए। इसमें चार शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 126 वनडे में 31.53 की औसत से 3121 रन बनाए। वहीं, कंगारुओं के लिए 34 टी20 में उन्होंने 114.53 के स्ट्राइक रेट से 402 रन बनाए। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू 2001 में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे से किया था। वहीं, आखिरी मैच उन्होंने जुलाई 2015 में खेला था। यह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच था। यशस्वी ने लीड्स टेस्ट में कुल चार कैच छोड़े थे। इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान उन्होंने प्लेयर ऑफ द मैच रहे बेन डकेट का कैच छोड़ा था। तब वह 97 रन पर थे। इसके बाद उन्होंने 149 रन की पारी खेली। इतना ही नहीं, पहली पारी में भी यशस्वी ने स्लिप में शतकवीर ओली पोप और हैरी ब्रूक के भी कैच छोड़े। पहली पारी में ब्रूक ने 99 रन और पोप ने 106 रन बनाए। यशस्वी के अलावा रवींद्र जडेजा और ऋषभ पंत से भी कैच छूटे थे। इसी का फायदा उठाकर इंग्लिश टीम भारत को हराने में कामयाब रही।

## राइट-गैरी से द्रविड़-फ्लेचर तक, पिछले 25 साल में इंग्लैंड में कौन सा भारतीय कोच रहा सबसे कामयाब?



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला दो जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जाएगा। इसको लेकर दोनों टीमों ने तैयारी शुरू कर दी है। लीड्स में पहला टेस्ट पांच विकेट से जीतने के बाद इंग्लिश टीम आत्मविश्वास से भरी होगी, जबकि शुभमन गिल के नेतृत्व वाली युवा भारतीय टीम की नजर वापसी कर सीरीज को 1-1 से बराबर करने पर होगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर की देखरेख में टेस्ट में भारत का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

टीम ने कई मौकों पर शानदार खेल दिखाया, लेकिन मैच नहीं निकाल पाई। बतौर कोच इंग्लैंड में अपने पहले ही मैच में उन्हें और टीम को हार का मुंह देखना पड़ा। हालांकि, उनके पास अभी इस रिकॉर्ड को सुधारने के लिए चार और टेस्ट हैं। इंग्लैंड में जीत के मामले में भारत के सबसे कामयाब कोच रवि शास्त्री रहे हैं। वह ही इंग्लैंड में सबसे ज्यादा मैचों में भारत के मुख्य कोच भी रह चुके हैं। आइए जानते हैं कि साल 2000 से लेकर अब तक इंग्लैंड में सबसे कामयाब भारतीय कोच कौन रहे हैं...

भारत ने साल 2000 के बाद सबसे पहले 2002 में जॉन राइट की देखरेख में और सौरव गांगुली के नेतृत्व में इंग्लैंड का दौरा किया था। तब चार मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर रही थी। यानी जॉन राइट के कोच रहते भारत ने चार में से एक मैच जीता और एक में टीम को हार मिली। दो टेस्ट ड्रॉ रहे थे। इसके बाद टीम इंडिया ने 2007 में राहुल द्रविड़ की कप्तानी में इंग्लैंड का दौरा किया। हालांकि, उस वक्त भारत का कोई कोच नहीं था और टीम को मैनेज चंदू बोर्डे कर रहे थे। बिना कोच के भारतीय टीम सीरीज जीतने में कामयाब रही थी। तीन मैचों की टेस्ट सीरीज भारत ने 1-0 से अपने नाम की थी। साल 2011 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी और गैरी कर्स्टन की कोचिंग में भारत ने इंग्लैंड का दौरा किया था। तब चार मैचों की सीरीज में भारत को 4-0 से शिकस्त मिली थी। यानी गुरू गैरी की देखरेख में भारत ने कोई मैच नहीं जीता और चारों के चारों मैच गंवाए। इसके बाद टीम इंडिया ने 2014 में धोनी की ही कप्तानी और डंकन फ्लेचर की कोचिंग में इंग्लैंड का दौरा किया। भारतीय टीम ने इस सीरीज की शुरूआत शानदार तरीके से की थी। पहला मैच ड्रॉ कराने के बाद दूसरा टेस्ट अपने नाम किया था। हालांकि, इसके बाद टीम इंडिया पटरी से उतर गई थी और आखिरी के तीन टेस्ट हार गई थी। इसके बाद भारत ने 2018 और 2021 में रवि शास्त्री की कोचिंग में इंग्लैंड का दौरा किया था। हालांकि, 2021 में चार टेस्ट ही खेला जा सका था और फिर पांचवें टेस्ट को 2022 में शिफ्ट कर दिया गया था। तब रवि शास्त्री उस टेस्ट में कोच नहीं थे। यानी 2018 और 2021 में भारत ने उनकी कोचिंग में इंग्लैंड में कुल नौ टेस्ट खेले। साथ ही न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2021 का फाइनल भी खेला था।

2018 में भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज 4-1 से हार गई थी। तब विराट कोहली कप्तानी कर रहे थे। वहीं, 2021 में चार टेस्ट में भारत 2-1 से आगे रहा था। डब्ल्यूटीसी फाइनल में टीम इंडिया को हार मिली थी। यानी शास्त्री की कोचिंग में भारत ने इंग्लैंड में खेले 10 टेस्ट में से तीन में जीत हासिल की, जबकि छह में हार का सामना करना पड़ा। एक टेस्ट ड्रॉ रहा।

## 'तेंदुलकर के वीडियोज देखकर काफी प्रेरणा मिली', इंग्लैंड के खिलाफ टी20 से पहले शेफाली का बयान



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम में वापसी कर रही शेफाली वर्मा ने कहा कि टीम से बाहर रहने के दौरान उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर की बल्लेबाजी के काफी वीडियो देखे जिससे हर गेंद को उसकी मेरिट के आधार पर खेलने का महत्व समझ में आया। खराब फॉर्म के कारण पिछले साल शेफाली को टीम से बाहर कर दिया गया था।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पूर्व बीसीसीआई वीडियो से शेफाली ने कहा, 'पहले मैं हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी, लेकिन फिर मुझे समझ में आया कि अच्छी गेंद का सम्मान करना जरूरी है। मैंने सचिन सर की टेस्ट पारियां देखी और उससे काफी प्रेरणा मिली। इससे मुझे बचपन के दिन याद आ गए जब मैं उनका एक भी मैच नहीं छोड़ती थी। मैंने हर मैच फिर से देखा। उसे देखकर मैने सीखा के अच्छी गेंद को सम्मान देकर ही अच्छी पारियां खेली जा सकती है।'

घरेलू क्रिकेट और महिला प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करके 21 वर्ष की शेफाली ने टीम में वापसी की। उन्होंने कहा कि वापसी करना आसान नहीं होता और पिछले साल टीम चयन से दस दिन पहले उनके पिता को दिल का दौरा पड़ने से यह और कठिन हो गया। शेफाली को पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम में जगह नहीं मिली थी।

उन्होंने कहा, 'जब भी आप वापसी करते हैं तो हालात कठिन होते ही हैं, लेकिन टीम माहौल में लौटकर अच्छा लगता है। मुझे खुशी है कि मैं वापसी कर सकी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चयन से दस दिन पहले मेरे पापा को दिल का दौरा पड़ा था। मेरे लिए वह कठिन समय था और मैं टीम में भी नहीं चुनी गई।

## ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड जीत के साथ शीर्ष पर, भारत अंक तालिका में बांग्लादेश से भी नीचे

**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलिया की वेस्टइंडीज पर और श्रीलंका की बांग्लादेश पर जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंक तालिका में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। यह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इस चक्र की शुरूआत ही है, लेकिन फाइनल में पहुंचने के लिए जंग देखने को मिल रही है। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को वेस्टइंडीज को 159 रन से हराकर 12 अंक हासिल किए, जबकि श्रीलंका ने बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हराकर 12 अंक हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया का यह इस चक्र में पहला मैच था। इस वजह से टीम के 12 अंक और 100 अंक प्रतिशत हैं। टीम शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं, इंग्लैंड की टीम 100 अंक प्रतिशत और 12 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। इंग्लैंड ने इसी हफ्ते भारत को पांच विकेट से शिकस्त दी थी।







### तालिका में बांग्लादेश से भी नीचे भारत

वहीं, श्रीलंका की टीम ने बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट में हराया। दोनों के बीच पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। ड्रॉ से दोनों टीमों को चार-चार अंक मिले थे। ऐसे में जीत के बाद 12 अंक मिलने पर श्रीलंका के कुल 16 अंक हो गए हैं, जबकि उनका अंक प्रतिशत 66.67 है। बांग्लादेश के चार अंक हैं और 16.67 अंक प्रतिशत है। टीम चौथे स्थान पर है। वहीं, भारत ने एक टेस्ट खेला है और उसमें हार मिली। इसलिए न तो भारत के कोई अंक हैं और न ही अंक प्रतिशत। भारतीय टीम फिलहाल पांचवें स्थान पर है। यही हाल वेस्टइंडीज के साथ है। उसने एक टेस्ट खेला है और उसमें हार मिली। विंडीज टीम भी बिना किसी अंक और अंक प्रतिशत के छठे स्थान पर है।

### पाकिस्तान और द. अफ्रीका में होगी भिड़ंत

न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक इस चक्र में अपने-अपने अभियान की शुरूआत नहीं की है। पाकिस्तान और विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका अपने 2025-27 डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरूआत अक्तूबर में दो मैचों की टेस्ट सीरीज से करेंगे। वहीं, न्यूजीलैंड की टीम अपने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र की शुरूआत वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से करेगी। यह सीरीज नवंबर-दिसंबर में खेली जाएगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र में सबसे ज्यादा 22 टेस्ट मैच खेलेगी। वहीं, इंग्लैंड की टीम 21 मैच खेलेगी। इसके बाद 18 मैचों के साथ भारत तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड को 16 और दक्षिण अफ्रीका-वेस्टइंडीज को 14-14 टेस्ट खेलने हैं। पाकिस्तान की टीम 13 और श्रीलंका-बांग्लादेश को 12-12 टेस्ट खेलने हैं। 2025-27 चक्र में प्रतिस्पर्धा करने वाले नौ देशों के बीच खेली जाने वाली 27 टेस्ट सीरीज में से 17 सीरीज में केवल दो मैच होंगे, जबकि तीन मैचों की छह सीरीज होंगी।

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरूआत 20 जून से हो चुकी है। इस सीरीज का आखिरी मुकाबला 31 जुलाई से खेला जाएगा। इसके बाद टीम इंडिया घर पर वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की सीरीज खेलेगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट दो अक्तूबर से और दूसरा टेस्ट 10 अक्तूबर से खेला जाएगा। फिर भारतीय टीम घर पर ही दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। इसका पहला मुकाबला 14 नवंबर से और दूसरा मकाबला 22 नवंबर से खेला जाएगा।

# हाउस टैक्स बढ़ोतरी में भाजपा की मिलीभगत है: डॉली शर्मा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में भारी बढ़ोतरी के विरोध में अब राजनीतिक दल और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल हो गए हैं। इस मुद्दे पर आगे की रणनीति तय करने के लिए शनिवार को कई राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों की एक बैठक वसुंधरा में आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉली शर्मा भी शामिल हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती कुछ है और करती कुछ है।

भाजपा ने जनता को राहत दिलाने के नाम पर वोट तो लिए लेकिन सत्ता हासिल करने के बाद जनता को भूल चुकी है। यही बात नगर निगम में भी लागू होती है। नगर निगम जब से बना है तभी से भाजपा का ही शासन रहा है। ऐसे में भाजपा को हाउस टैक्स के मुद्दे पर जनता को जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की सहमति के बिना हाउस टैक्स में 300 से 400 गुना बढ़ोतरी संभव ही नहीं है। दिखाने को भाजपा विरोध कर रही है लेकिन अंदर अंदर खाने भाजपा हाउस टैक्स और कमर्शियल टैक्स बढ़ाना चाहती है।

बैठक में राजनीतिक दलों के नए कार्यकताओं और सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों ने हाउस टैक्स में बेतहाशा वृद्धि के लिए नगर निगम की आलोचना की। साथी तुरंत बड़े हुए हाउस टैक्स और कमर्शियल टैक्स को वापस लेने की मांग की वक्ताओं ने कहा कि पूर्व की भांति प्रत्येक 2 वर्ष में 10% वृद्धि होनी चाहिए साथ ही सर्किल रेट के आधार पर हाउस टैक्स का निर्धारण गलत है। सभी ने एक स्वर से कहा कि 10 जुलाई को हाउस टैक्स में बढ़ोतरी के खिलाफ नगर निगम पर धरना दिया जाएगा जिसमें शहर की सभी आरडब्ल्यूए के सदस्य शामिल होंगे।

यदि इसके बाद भी नगर निगम में हाउस टैक्स में की गई बढ़ोतरी को वापस नहीं लिया तो बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा। बैठक में भूपेंद्र नाथ, अक्षय शर्मा, राजेंद्र सिंह बिष्ट, शैलेंद्र रावत, राकेश गोयल, रवि त्रिपाठी, इमरान खान, महानंद शर्मा, नरेंद्र कुमार, संदीप भाटी, सचिन चौधरी, प्रदीप कौशिक, अर्जुन सिंह, गौतम, गिरीश शर्मा आदि मौजूद थे।

# बारिश से टीएचए का बुरा हाल

## जगह-जगह जल भराव, लोगों ने नगर निगम को ठहराया जिम्मेदार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार दोपहर बाद हुई बारिश से ट्रांस हिंडन एरिया केके स्थान जलमग्न हो गए। इंदिरापुरम के कई इलाकों में जल भराव होने से लोगों को भारी परेशानी हुई। कनफेडरेशन आफ ट्रांस हिंडन एरिया आर डब्ल्यू ए के महासचिव मोहन सांगवान ने कहा कि इंदिरापुरम के सात पार्षद भाजपा के हैं। महापौर भी भाजपा की है। इंदिरापुरम को नगर निगम को हैंडोवर किया जा चुका है। बुनियादी सुविधाएं विकसित करने के लिए जीडीए की ओर से नगर निगम को धन भी दे दिया गया है। ऐसे में इंदिरापुरम में जल भराव क्यों हुआ। मोहन सांगवान ने कहा कि बरसात से पहले नगर निगम की ओर से दावा किया गया था कि सभी नाले नालियों को साफ कर दिया गया है ताकि बरसात के दिनों में जल भराव ना हो लेकिन अभी मानसून की बारिश शुरू नहीं हुई है हल्की-फुल्की बारिश में ही पूरा ट्रांस हिंडन एरिया जलमग्न हो गया है। ऐसे में जल भराव की जिम्मेदारी किस पर बनती है। शनिवार को हुई बारिश से ट्रांस हिंडन एरिया इंदिरापुरम वसुंधरा वैशाली सूर्य नगर



चंद्र नगर राजेंद्र नगर शालीमार गार्डन श्याम पार्क एक्सटेंशन जैसे इलाकों में जल भराव देखा गया। वही कई इलाकों में घरों के दरवाजे तक जल भराव हो गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जल भराव के लिए नगर निगम पूरी तरह जिम्मेदार है।



# साक्षी पावर योग अकादमी के छात्रों ने दिखाया कमाल

## राज्य स्तर योग चैंपियनशिप में पलक और गरिमा ने जीता स्वर्ण पदक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में एमपीएस वर्ल्ड स्कूल आगरा में हुए कार्यक्रम में साक्षी योग पावर अकैडमी के छात्रों ने बाजी मारी।

पलक और गरिमा ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने स्कूल में जिले का नाम रोशन किया। एमपीएस के डायरेक्टर ने इन बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उज्जवल भविष्य की कामना की और कहां आगे जाकर ये बच्चे देश का नाम रोशन करेंगे।

# हापुड़ में पुलिस की गाड़ी बीच सड़क पर बंद

## पुलिसकर्मियों ने तेज धूप में मारा धक्का, पुलिस अफसर बने अनजान

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में गढ़-दिल्ली रोड पर शनिवार को पुलिस विभाग की एक सरकारी गाड़ी अचानक बंद हो गई। गश्त के दौरान गाड़ी के रुकने से सड़क पर कुछ देर जाम की स्थिति बन गई। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने धक्का मारकर वाहन साइड किया।



पुलिस कर्मियों के धक्का मारने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पुलिसकर्मियों को कड़ी धूप में गाड़ी को धक्का लगाना पड़ा जानकारी के मुताबिक हापुड़ में गढ़ दिल्ली रोड पर पुलिस का एक वाहन गुजर रहा था। तभी ये वाहन जीप अचानक बंद हो गई। पुलिसकर्मियों ने गाड़ी स्टार्ट करने की कई कोशिशें की। सफल न होने पर तीन से चार पुलिसकर्मियों को कड़ी धूप में गाड़ी को धक्का लगाना पड़ा। राहगीरों ने इस घटना का वीडियो बना लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिसकर्मियों ने गाड़ी को सड़क किनारे लगाने के बाद यातायात सुचारू कराया। गाड़ी को मरम्मत के लिए पास की वर्कशॉप में भेज दिया गया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में हलचल मच गई है। हालांकि आला अफसर इससे अंजान बने हुए हैं।

# नोएडा में 3.26 करोड़ की ठगी में 3 गिरफ्तार

## खाता यूज करने के लिए 97 हजार मिला था कमीशन



**नोएडा (करंट क्राइम)।** निवेश पर कई गुना मुनाफा मिलने का झांसा देकर कारोबारी के साथ साइबर ठगी करने गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। साइबर क्राइम थाने की पुलिस द्वारा दबोचे गए आरोपियों के खाते में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई थी। विवेचना में तीनों आरोपियों का नाम सामने आया था। निवेश में मुनाफा दिखाकर ठगी एडिशनल डीसीपी साइबर मनीषा सिंह ने बताया कि 12 जून को सेक्टर-27 निवासी व्यक्ति साइबर थाने पहुंचा और खुद के साथ निवेश के नाम पर तीन करोड़ 26 हजार रुपए की ठगी होने की शिकायत दी। निवेश पर लाभ कमाने का झांसा देकर ठगों ने विभिन्न खातों में उससे रकम ट्रांसफर करा ली थी। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज किया और मामले की जांच शुरू कर दी। इस खाते में एक करोड़ का हुआ लेनदेन एसीपी साइबर विवेक रंजन राय की अगुवाई में टीम ने जब जांच आगे बढ़ाई तो तीन लोगों को मामले में नोएडा स्टेडियम के पास से गिरफ्तार किया गया।

# 41 हजार वाहनों पर कार्रवाई

## 10 से ज्यादा चालान बकाया तो रजिस्ट्रेशन होगा रद्द, न बिकेगा वाहन




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन मालिकों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की तैयारी की है। ट्रैफिक पुलिस ने करीब 41 हजार ऐसे वाहनों की पहचान की है, जिन पर 10 या इससे ज्यादा ई-चालान बकाया हैं। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद के अनुसार, इन वाहनों का डेटा एकत्रित कर लिया गया है। अब परिवहन विभाग को इनका पंजीकरण रद्द करने की सिफारिश की जा रही है। पहले चरण में 132 वाहनों की सूची परिवहन विभाग को भेजी गई है।

पंजीकरण रद्द होने के बाद ये वाहन कानूनी रूप से सड़क पर नहीं चल सकेंगे। वाहन मालिक इंश्योरेंस नहीं करवा पाएंगे। वाहन बेचने पर भी प्रतिबंध रहेगा। नियम तोड़ने पर भारी जुमार्ने के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस हर महीने ऐसे वाहनों की नई सूची तैयार करेगी। यह सूची परिवहन विभाग को भेजी जाएगी। पुलिस का कहना है कि यह अभियान सिर्फ चालान वसूली के लिए नहीं है। इसका उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता लाना है।

ऑनलाइन चालान प्रणाली और कैमरा निगरानी से नियम तोड़ने वाले वाहनों की पहचान आसान हो गई है। पुलिस इन्हीं डिजिटल डेटा के आधार पर कार्रवाई कर रही है।

# यूपीपीसीएल में अब मोबाइल ऐप से होगी हाजिरी

## अधिकारियों की सैलरी ऑनलाइन उपस्थिति से जुड़ा कार्यक्षेत्र से बाहर जाने पर देनी होगी सफाई




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने विद्युत विभाग में पारदर्शिता लाने के लिए नई व्यवस्था शुरू की है। अब सभी अधिकारियों को मोबाइल ऐप के जरिए फेस अटेंडेंस देनी होगी। यह सिस्टम पहले केवल संविदा कर्मियों और लाइनमैन के लिए था।

यूपीसीएल अध्यक्ष के आदेश पर यह व्यवस्था तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है। इसमें मुख्य अभियंता, अधिशासी अभियंता और उपखंड अधिकारी शामिल हैं। नई व्यवस्था के तहत अधिकारियों का वेतन उनकी ऑनलाइन उपस्थिति से जोड़ दिया गया है। अगर कोई अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र से बाहर मिलता है, तो उसे इसका कारण बताना होगा।

इस कदम का उद्देश्य विभाग में जवाबदेही बढ़ाना है। इससे कर्मचारियों की कार्यशैली पर नजर रखी जा सकेगी। साथ ही बिजली सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। यह सुनिश्चित होगा कि अधिकारी समय पर कार्यालय पहुंचें और निर्धारित क्षेत्र में ही काम करें।

# 25 हजार का इनामी बदमाश गाजियाबाद से गिरफ्तार



**पुलिस से बचने के लिए लगातार ठिकाना बदल रहा था गौकशी का आरोपी**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने 28 जून को एक बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने चित्रावन सोसायटी के पास से 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश कमल उर्फ कमालुद्दीन को गिरफ्तार किया। आरोपी बुलंदशहर का रहने वाला है। तलाशी में आरोपी से एक अवैध चाकू बरामद हुआ।

इस पर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने अपराधों का खुलासा किया। वह देवरिया के थाना रामपुर कारखाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास और गौकशी के मामलों में शामिल रहा है। आरोपी पहले भी जेल जा चुका है। उस पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज है। देवरिया पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। वह पुलिस से बचने के लिए लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। अभियुक्त पर कुल 4 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

इनमें एक गाजियाबाद में और तीन देवरिया में हैं। पुलिस उसके अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है। थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस की इस कार्रवाई की स्थानीय स्तर पर सराहना हो रही है।




# टोपी से रौब जमाने वालों के कब होंगे चालान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों अभियान का रिकॉर्ड बना हुआ है। एक अभियान पूरा नहीं होता दूसरा शुरु हो जाता है। ट्रैफिक से लेकर सिविल पुलिस वाले तमाम तरीके के अभियान चला रहे हैं। तो सड़कों पर जमकर चालान किए जा रहे हैं। तो जनता को यातायात नियमों का पालन कराया जा रहा है, साथ ही अन्य भी कार्रवाई की जा रही है लेकिन सवाल उठ रहा है कि इतने लंबे समय से कार्रवाई वाला सिलसिला चल रहा है पर गाड़ियों के डेस बोर्ड पर पुलिस की टोपी रखकर रौब जमाने वालों पर कार्रवाई कब होगी, इसकी और कौन ध्यान देगा। क्या यातायात पुलिस वाले इस पर कोई अभियान चलाएंगे या सिविल पुलिस वाले इस ओर अपनी दृष्टि डालेंगे। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जोन चाहे कोई भी और सर्किल का कोई भी थानाक्षेत्र हो, निजी वाहनों पर सरकारी रंग की टोपी रखकर आगे चलने का फैशन इन दिनों जोरों पर छाया हुआ है। यह सिलसिला केवल सिटी से लेकर देहात और नदिया पार से लेकर खास कार्यालयों के बाहर तक भी नजर आता है। जो लोग पुलिस में नहीं भी हैं, वह भी टोपियों का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं। ना तो पुलिस वाले उनपर कार्रवाई कर रहे हैं, ना उनसे सवाल पूछ रहे हैं कि वह बेवजह टोपी का इस्तेमाल क्यों कर रहे हैं। क्या इसका मकसद केवल टोल पार्किंग और रौब जमाना है या कुछ और भी धंधा या खेल चल रहा है। कुल मिलाकर ऐसा नहीं है कि यह टोपी रखकर रौब जमाने का सिलसिला अभी शुरू हुआ हो, यह तो लंबे समय से कमिश्नरेट में चल रहा है, पर पुलिस के अधिकारी इसको ध्यान नहीं देते हैं या उनकी निगाह में यह बहुत छोटा वाला अपराध होगा, इसीलिए इसपर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, पर सूत्र बताते हैं कि शहर में हजारों की संख्या में ऐसे वाहन सड़कों पर नजर आ जाएंगे जिनमें पुलिस लिखा मिलेगा, शीशे काले होंगे आगे टोपी रखी होगी और गाड़ी के अंदर का माहौल चालान वाली कार्रवाई से कहीं ज्यादा वाला देखने को मिलेगा। उधर सुनने में आया है कि सिटी के एक थानाक्षेत्र में तो रात 11 बजे के बाद खुद थाने वाली गाड़ी वह काम करवाती है जो उसे नहीं करना चाहिए। साथ ही कुछ कदम की दूरी पर एक ऐसा भी धंधा चल रहा होता है, जो गंदा भी है और उसको बंद होना भी बेहद आवश्यक है, पर इलाके वाले प्रभारी और सर्किट वाले अधिकारी कब इसे अपनी जिम्मेदारी मानते हुए एक्शन लेंगे यह तो भगवान ही बता सकते हैं।



# सुपरटेक केपटाउन पर 35.80 लाख का जुर्माना

## ड्रेन में बहा रहे थे बिना ट्रीट किए सीवरेज, एनजीटी नियमों का उल्लंघन किया

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में सेक्टर-74 सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी में सीवर कनेक्शन काट दिया गया है। साथ ही पर्यावरणीय कनूनों, जल अधिनियम 1974, वायु अधिनियम 1981, ठोस अपशिष्ट 2000 एवं 2016 के उल्ल्घंन करने पर 35 लाख 80 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। इनकी इस लापरवाही को लेकर समय-समय पर अवगत भी कराया गया। लेकिन न तो एसटीपी को क्रियाशील किया गया और न ही सीवरेज पानी को ट्रीट किया गया। एनजीटी के नियमों का उल्ल्घंन किया गया। सोसाइटी एओए के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो रही है। दरअसल 27 जून को सीईओ ने साइट का निरीक्षक किया। यहां सोसाइटी से निकलने वाले सीवरेज पानी को तीन स्थानों पर मुख्य ड्रेन में बहाया जा रहा था। जांच करने पर सामने आया कि



ये अनट्रीटेड वाटर है।

जिसके बाद प्राधिकरण की जल खंड की टीम एक्टिव हुई और तीन स्थानों पर सीवरेज फ्लो के कनेक्शन को काटा गया। साथ ही नोटिस जारी करते हुए 35 लाख 80 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया। संबंधित थाने में एफआईआर भी कराई जा रही है। बता दे अब आठ सोसाइटी पर जुमार्ना और एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं लगाने पर 5 लाख का जुमार्ना जिलाधिकारी ने भूगर्भ जल विभाग के अधिकारियों से कहा कि बारिश के दौरान रेजिडेंस सोसाइटी, अपार्टमेंट सरकारी भवनों, कार्यालय आदि में भी वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चरों की स्थिति की गहन समीक्षा की जाए। सभी से रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सक्रिय होने की रिपोर्ट प्राप्त की जाए। जिनके द्वारा रिपोर्ट नहीं दी जा रही उनके खिलाफ 5 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया जाए। साथ ही निर्देश दिए कि सभी सरकारी कार्यालयों, भवनों व हाइराइज सोसाइटियों में लगे रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सक्रिय रहने चाहिए।

# हर घर जल योजना में पानी की हुई जांच

## केंद्रीय अधिकारियों ने किया निरीक्षण, जांच में मिला स्वच्छ जल

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित ग्रामीण पेयजल योजनाओं की प्रगति और पारदर्शिता की शनिवार को उच्चाधिकारियों द्वारा गहन समीक्षा की गई। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय के निदेशक दीपक श्रीवास्तव और केंद्रीय भूमि जल बोर्ड के वैज्ञानिक डॉ. रंजीत कुमार प्रसार ने विकास खंड धौलाना स्थित खेड़ा और हापुड़ के असौड़ा गांव की पेयजल योजनाओं का दौरा किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश जल निगम के अधिशासी अभियंता विनय ने अधिकारियों को योजना की पूरी कार्यप्रणाली और तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया। निरीक्षण में ट्यूबवेल, पंप हाउस और उच्च जलाशय (ओवरहेड टैंक) की स्थिति जांची गई। अधिकारियों ने ऑटोमेशन एवं इंटीग्रेशन सिस्टम और सौर ऊर्जा से संचालित उपकरणों की सराहना की। असौड़ा गांव की प्रयोगशाला में पेयजल की गुणवत्ता की भी जांच की गई। इस कार्य में खेड़ा की पांच प्रशिक्षित ग्रामीण महिलाएं और स्थानीय स्टाफ शामिल रहे। एफआईके (ग्नॉ'किल्लरस्रीइङ्गल्ल ङ३)




के जरिए पानी की जांच की गई, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि योजना से मिलने वाला जल हैंडपंप के पानी की तुलना में अधिक स्वच्छ और शुद्ध है।

ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि योजना के तहत उन्हें नियमित रूप से शुद्ध पेयजल मिल रहा है। इससे न केवल स्वास्थ्य लाभ हुआ है, बल्कि महिलाओं को पानी ढोने में भी अब सुविधा मिल रही है।


निदेशक दीपक श्रीवास्तव ने निरीक्षण के बाद योजनाओं की प्रगति, संचालन की पारदर्शिता और ग्रामीणों की संतुष्टि पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और इस दिशा में जल जीवन मिशन प्रभावी रूप से काम कर रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, ग्राम प्रधान पुनीत कुमार, वीडब्ल्यूएससी (ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति) के सदस्य और जल निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने परियोजना की सफलता में सामुदायिक भागीदारी और तकनीकी नवाचारों के महत्व को रेखांकित किया।

# थाईलैंड की प्रधानमंत्री की बातचीत लीक होने पर हंगामा, इस्तीफे की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे लोग

**बैंकॉक ।** थाईलैंड की प्रधानमंत्री पेतोंगतार्न शिनावात्रा की कंबोडिया के पूर्व पीएम के साथ हुई बातचीत का ऑडियो लीक हो गया है, जिससे थाईलैंड में हंगामा हो गया है। प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू हो गए हैं।

### राजशाही समर्थक सड़कों पर उतरे

घटना को लेकर थाईलैंड की प्रधानमंत्री के खिलाफ जांच शुरू हो गई है और इसके चलते उनकी कुर्सी भी जा सकती है। घटनाक्रम में थाईलैंड में राजशाही समर्थक भी सक्रिय हो गए हैं और वे शिनावात्रा के खिलाफ प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इन्हीं राजशाही समर्थकों ने पेतोंगतार्न शिनावात्रा के पिता पूर्व पीएम थाकसिन शिनावात्रा और पूर्व पीएम यिंगलुक शिनावात्रा का भी विरोध किया था।



### लीक ऑडियो पर क्यों हो रहा हंगामा

लीक ऑडियो कॉल में पेतोंगतार्न शिनावात्रा ने कंबोडिया के पूर्व पीएम हुन सेन से कहा कि वे थाईलैंड में उनके एक विरोधी की बात न सुनें। माना जा रहा है कि शिनावात्रा ने थाई आर्मी के एक कमांडर को लेकर ये बातें कही गईं। ये उसी इलाके के कमांडर हैं, जहां थाई और कंबोडिया के सैनिकों की झड़प हुई। उस सैन्य कमांडर ने सार्वजनिक तौर पर कंबोडिया की आलोचना की है। दरअसल थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक छोटे से क्षेत्र को लेकर विवाद है। 1962 में अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत के एक फैसले के बाद यह विवादित इलाका कंबोडिया के पास चला गया था। हालांकि अभी भी इसे लेकर विवाद है।

**दरअसल बीती 28 मई को थाईलैंड और कंबोडिया के सैनिकों के बीच सीमा विवाद को लेकर संघर्ष हो गया था। इस संघर्ष में एक कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई थी। इस मामले से निपटने के थाईलैंड की पीएम शिनावात्रा के तरीके पर सवाल उठ रहे हैं और लोग उनका इस्तीफा मांग रहे हैं**

हुन सेन ने हाल ही में थाईलैंड सेना की कार्रवाई को अवैध बताते हुए इस पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि कंबोडिया के इलाके में घुसकर थाईलैंड के सैनिकों ने देश की संप्रभुता का उल्लंघन किया है। घटना के बाद थाईलैंड और कंबोडिया के बीच का सीमा विवाद और उलझ सकता है।

### संकट में गठबंधन सरकार

साल 2011 में भी विवादित क्षेत्र को लेकर कंबोडिया और थाईलैंड के सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। जिसके बाद मामला यूएन कोर्ट में गया और यूएन कोर्ट ने भी कंबोडिया के पक्ष में ही फैसला दिया।

# पुतिन बोले- रूस में अलगाववाद को बढ़ावा दे रहे पश्चिमी देश

## हथियार के रूप में इस्तेमाल हो रहा आतंकवाद

**मॉस्को ।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर पश्चिमी देशों पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम देश रूस में अलगाववाद को बढ़ावा दे रहे हैं।




पुतिन ने शुक्रवार को बेलारूस की राजधानी मिंस्क में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बयान दिया। उन्होंने कहा, किसी को इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) की गतिविधियों की कोई परवाह नहीं है, जब तक वह रूस के खिलाफ काम कर रहा है। मॉस्को में विस्फोट हुए और अब भी हो रहे हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा। सब कुछ ठीक माना जाता है, जब तक वह रूस के खिलाफ हो।

रूसी राष्ट्रपति ने आगे कहा, ऐसा पहले भी हुआ जब पश्चिम देश सामूहिक रूप से हमारे देश में अलगाववाद को बढ़ावा दे रहे थे। उन्होंने रूस के खिलाफ लड़ाई में आतंकवाद को एक हथियार के रूप में उपयोग किया। राष्ट्रपति पुतिन का यह बयान उस समय आया है, जब रूस और पश्चिमी देशों के बीच यूक्रेन युद्ध को लेकर टकराव लगातार जारी है।

# फिलीपींस में सुबह-सुबह भूकंप के तेज झटके, छह की तीव्रता से कांपी धरती

**मिंडानाओ ।** फिलीपींस में सुबह-सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता छह मापी गई। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि लोग दहशत में आए गए और अपने घरों से बाहर आ गए। सड़कों पर लोगों के बीच अफरातफरी देखी गई। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार की सुबह फिलीपींस में 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप मिंडानाओ में 04:37 बजे (भारतीय समयानुसार) जमीन के अंदर 105 किलोमीटर की गहराई में आया।




धरती मुख्य तौर पर चार परतों से बनी होती हैं। इनर कोर, आउटर कोर, मैनटल और क्रस्ट। क्रस्ट और ऊपरी मैन्टल कोर को लिथोस्फेयर कहते हैं। ये 50 किलोमीटर की मोटी परत कई वर्गों में बंटी हुई है जिसे टैकटोनिक प्लेट्स कहते हैं। ये टैकटोनिक प्लेट्स अपनी जगह पर कंपन करती रहती हैं और जब इस प्लेट में बहुत ज्यादा कंपन हो जाती हैं, तो भूकंप महसूस होता है।

भूकंप के केंद्र और तीव्रता का क्या मतलब भूकंप का केंद्र वह स्थान होता है जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से धरती हिलने लगती है।

# महरंग बलोच से डरी पाकिस्तान सरकार

## हिरासत अवधि को 15 दिन के लिए और बढ़ाया

**इस्लामाबाद ।** हालांकि बलोच यकजेती कमेटी (बीवाईसी) ने महरंग बलोच की हिरासत अवधि बढ़ाने का विरोध किया और इसे अवैध बताया।

बलोच कार्यकर्ता महरंग बलोच, बीबो बलोच, उनके पिता गफ्फार बलोच, सबघातउल्ला शाह जी, बेबारग बलोच को बीती 22 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद इन्हें क्वेटा जिला जेल में सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने वाले आदेश के तहत रखा गया था। गौरतलब है कि बलोच यकजेती कमेटी के नेताओं की हिरासत को चौथी बार बढ़ाया गया है। बलोच कार्यकर्ताओं को हिरासत में तीन महीने का समय



बीत चुका है। अब एक बार फिर हिरासत अवधि को 15 दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। जिसके चलते महरंग बलोच समेत अन्य बलोच कार्यकर्ताओं को 15 दिन और जेल में ही रहना पड़ेगा। बीवाईसी के प्रवक्ता ने बलोच कार्यकर्ताओं की हिरासत फिर बढ़ाए जाने पर नाराजगी जाहिर की और इसे अवैध बताया। संगठन ने बलोच कार्यकर्ताओं की तुरंत रिहाई की मांग की। बीवाईसी की नेता साबिया बलोच का आरोप है कि सरकार नए-नए हथकंडे अपनाकर बलोच कार्यकर्ताओं की हिरासत अवधि को बढ़ा रही है। दरअसल जाफर एक्सप्रेस को अगवा करने के मामले में पाकिस्तानी सेना ने कथित उग्रवादियों को एनकाउंटर में ढेर किया था, लेकिन उग्रवादियों के शव नहीं सौंपे। शवों की मांग को लेकर महरंग बलोच और 150 अन्य राजनीतिक कार्यकताओं ने बलूचिस्तान यूनिवर्सिटी के नजदीक मार्च में धरना प्रदर्शन शुरू किया था। 22 मार्च को महरंग बलोच और अन्य प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया था।

**पाकिस्तान की सरकार बलोच कार्यकर्ता महरंग बलोच से डर गई है और यही वजह है कि उसने महरंग बलोच की हिरासत अवधि 15 दिन और बढ़ाने का फैसला किया है। बलूचिस्तान सरकार ने हिरासत अवधि बढ़ाने की वजह सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखना बताया है**

# पाकिस्तान में आत्मघाती हमला: सैन्य काफिले को बनाया गया निशान

## 13 सैनिकों की मौत, 10 जवानों समेत 29 घायल

**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में एक सैन्य काफिले को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती बम विस्फोट में 13 सैनिक मारे गए। हमले में दर्जनों लोगों के घायल होने की खबर है। हालांकि, हताहतों की संख्या बढ़ भी सकती है। सूत्रों के मुताबिक, उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खड्डी इलाके में आज सुबह एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को बम निरोधक इकाई के माइन-रेसिस्टेंट एम्बुश प्रोटेक्टेड (एमआरएपी) वाहन से भिड़ा दिया।



विस्फोटकों से लदे वाहन की सैन्य काफिले से टक्कर

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने कहा कि एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन की सैन्य काफिले से टक्कर करवा दी। विस्फोट में 13 सैनिक मारे गए। इसके अलावा 10 सैन्यकर्मी और 19 नागरिक घायल हो गए। यह क्षेत्र तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के निशाने पर रहता है।

**सैन्य गतिविधियों के कारण कर्फ्यू लगा था :** सूत्रों के मुताबिक, हमले के समय इलाके में चल रही सैन्य गतिविधियों के कारण कर्फ्यू लगा दिया गया था। विस्फोट के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने बचाव अभियान शुरू किया। आतंकवादी समूह उसुद अल-हरब के एक उप-गुट हाफिज गुल बहादुर समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है। घटना को हाल के महीनों में उत्तरी वजीरिस्तान में हुई सबसे घातक घटनाओं में से एक बताया जा रहा है। इससे क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं।

# सूडान की सेना संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव से सहमत अल फशेर में एक सप्ताह के लिए होगा युद्ध विराम

**काहिरा ।** सूडान में दो साल से जारी गृहयुद्ध के बीच सेना ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। सूडान की सेना अल फशेर क्षेत्र में सहायता वितरण के लिए एक सप्ताह का युद्ध विराम करेगी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सूडानी सैन्य नेता जनरल अब्देल-फतह बुरहान से इस बारे में फोन पर बात की।

गुटेरेस ने सैन्य नेता से उत्तरी दारफुर प्रांत की राजधानी अल फशेर में मानवीय संघर्ष विराम लागू करने के लिए कहा। सैन्य नेता बुरहान ने प्रस्ताव पर सहमत जताई। साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों को लागू करने के महत्व पर बल दिया। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि दूसरा पक्ष अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (फ्रत्रः) इस प्रस्ताव पर सहमत होगा या नहीं।




गुटेरेस ने कहा कि हम दोनों पक्षों से संपर्क कर रहे हैं। अल फशर में हमारे सामने एक नाटकीय स्थिति है। प्रभावी सहायता वितरण के लिए मानवीय संघर्ष विराम की आवश्यकता है। साथ ही अल फशेर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वितरण की तैयारी के लिए कई दिन पहले इस पर सहमति होनी चाहिए।

### सूडान में गृहयुद्ध जनता में भुखमरी

गौरतलब है कि सूडान में अप्रैल 2023 में गृहयुद्ध शुरू हुआ था, जब सेना और आरएसएफ सत्ता के लिए आपस में भिड़ गए। यह लड़ाई धीरे-धीरे पूरे देश में फैल गई। अब तक करीब 20,000 लोगों की जान जा चुकी है, लेकिन असल आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा हो सकता है। इतना ही नहीं अभीतक लगभग 1.4 करोड़ लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं, जिनमें से 40 लाख लोग दूसरे देशों में शरण ले चुके हैं।

देश की आधी आबादी (लगभग 5 करोड़ में से) भुखमरी का सामना कर रही है। यूनिसेफ ने इस साल की शुरूआत में कहा था कि युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक लगभग 61,800 बच्चे आंतरिक रूप से विस्थापित हो चुके हैं। खार्तूम से 800 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित अल-फशर सेना के नियंत्रण में है। आरएसएफ पूरे दारफुर क्षेत्र पर अपना नियंत्रण मजबूत करने के लिए एक साल से अल-फशर पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है।

# भारत-फ्रांस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास, भारतीय सेना ने दिखाई जबरदस्त रणनीतिक कुशलता और तालमेल









**पेरिस ।** भारत और फ्रांस की सेनाओं के बीच चल रहा संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति-श्क्क्क्क दोनों देशों की सेनाओं के बीच रणनीतिक सहयोग और परिचालन स्तर की तालमेल को और मजबूत कर रहा है। यह अभ्यास फ्रांस के दक्षिणी हिस्से में स्थित कैंप लारजैक, ला कावालरी में आयोजित किया जा रहा है। इस अभ्यास में भारत की तरफ से जम्मू-कश्मीर राइफल्स बटालियन के करीब 90 सैनिक भाग ले रहे हैं, जबकि फ्रांसीसी सेना की ओर से 13वीं डेमी-ब्रिगेड डे लेजियन एत्रांजेरे (विदेशी सेना ब्रिगेड) हिस्सा ले रही है।

सैन्य अभ्यास की मुख्य बातें ये सैन्य युद्ध अभ्यास शहरी और अर्ध-विकसित इलाकों में किया गया। इस दौरान दोनों सेनाओं ने शहरी युद्ध, बाधा पार करने, संयुक्त गश्त और सैनिकों की तैनाती जैसे कई मिशन-विशेष अभ्यास किए। ये सभी अभ्यास वास्तविक युद्ध स्थितियों के अनुरूप किए गए, जिससे सैनिकों की रणनीतिक लचीलापन और फुर्ती में सुधार हुआ।

**इलेक्ट्रॉनिक युद्ध (ई-वॉर) और ड्रोन-रोधी प्रशिक्षण:** इस कड़ी में विशेषज्ञ टीमों ने रेडियो सिग्नल पकड़ने, उन्हें जाम करने, स्पेक्ट्रम नियंत्रण और ड्रोन निष्क्रिय करने जैसे आधुनिक तकनीकों का अभ्यास किया। इससे दोनों सेनाओं की आधुनिक युद्धक्षेत्र में काम करने की क्षमता को मजबूती मिली।

**96 घंटे का तीव्र संयुक्त फील्ड अभ्यास**

इस अभ्यास का विशेष आकर्षण रहा चार दिन यानी 96 घंटे तक चलने वाला हाई-इंटेंसिटी फील्ड ऑपरेशन। इसमें दोनों देशों की सेनाओं ने एक साथ मिलकर बहु-आयामी युद्ध परिदृश्य को अंजाम दिया। इस दौरान सैनिकों की सहनशक्ति, फैसले लेने की क्षमता और नेतृत्व कौशल की परीक्षा ली गई।

### भारतीय राजदूत ने बढ़ाया हौसला

भारत के फ्रांस और मोनाको में राजदूत संजीव सिंगला ने कैंप का दौरा कर भारतीय सैनिकों से मुलाकात की। उन्होंने सैनिकों की प्रोफेशनलिज्म की सराहना की और भारत-फ्रांस रक्षा सहयोग में उनके योगदान को अहम बताया। उनके दौरे ने सैनिकों का मनोबल और बढ़ाया।

सामरिक साझेदारी को नई ऊंचाई शक्ति-श्क्क्क्कअभ्यास से यह साबित हो गया है कि भारत और फ्रांस की सेनाएं एक-दूसरे से बेहतर तरीके से समन्वय कर सकती हैं। इस अभ्यास ने रणनीतिक विश्वास, तकनीकी समझ और संयुक्त अभियान क्षमता को नई ऊंचाई दी है। यह दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक और मजबूत कदम है।

# 2 दिन में यातायात पुलिस ने किया 2377 लोगों का चालान

## नियम तोड़ने वालों के खिलाफ जारी रहेगा ट्रैफिक पुलिस का अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के इंदिरापुरम और भीड़भाड़ वाले इलाकों में यातायात पुलिस द्वारा नियम तोड़ने वालों के खिलाफ बड़ी और कड़ी कार्रवाई की गई है। 27 और 28 जून को पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत तीनों जोन में बड़े स्तर पर विपरीत दिशा में वाहन चलाना, बिना हेलमेट, तीन सवारी, फैंसी नंबर प्लेट, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट का इस्तेमाल ना करना, चार पहिया वाहनों पर ब्लैक फिल्म को लेकर महत्वपूर्ण इलाकों में पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है। इस दौरान दो दिन ट्रैफिक पुलिस द्वारा 2377 लोगों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की है, जो नियमों को तोड़कर सफर कर रहे थे।







### बिना हेलमेट के 1168 चालान और काली फिल्म पर 172

**करंट क्राइम :** एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन सिद्दीकी ने बताया है कि वह इंदिरापुरम क्षेत्र में यातायात निरीक्षक चतुर्थ संतोष सिंह के साथ भ्रमण करते हुए मुख्य मार्गों को और मुख्य बाजारों के आसपास कार्रवाई की गई। इस दौरान विपरीत दिशा में कुल 370 वाहन चालकों के चालान किए गए। तो वहीं बिना हेलमेट के कुल 1168 चालान, तीन सवारी के कुल 409 चालान और फैंसी अथवा बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के 311 चालान के साथ ही चार पहिया वाहनों पर ब्लैक फिल्म लगाने वाले 172 चालकों पर भी यह कार्रवाई की गई है।



### पुलिस कमिश्नर का निर्देश नियम तोड़ने वालों पर लगातार हो एक्शन

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने यातायात पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ लगातार अलग-अलग जोन और सर्किल वार अभियान चलाया जाए। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों पर कार्रवाई हो। साथ ही लोगों में इस बात का संदेश भी जाए कि नियम तोड़ने वालों को बक्शा नहीं जाएगा।

# कांवड़ यात्रा : विद्युत विभाग ने सड़क किनारे

## ट्रांसफार्मरों की बैरिकेडिंग व खंभों पर किया टेपिंग का कार्य शुरू



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सावन महीने में होने वाली कांवड़ यात्रा के मद्देनजर विद्युत निगम ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों की तैयारी शुरू कर दी है। हर साल लाखों की संख्या में कांवड़िए मोदीनगर, गाजियाबाद के विभिन्न मार्गों से गुजरते हैं। मोदीनगर अधीक्षण अभियंता महेश उपाध्याय ने बताया कि कांवड़ यात्रा से पहले मोदीनगर क्षेत्र कदराबाद से दुहाई तक 3779 खंभे, विद्युत खंभों को प्लास्टिक से कवर किया जाएगा। खंभों पर जंपर लगाए जाएंगे। 350 स्थानों पर पेड़ों की शाखाओं को काटा जाएगा। इसके साथ ही 340 ट्रांसफार्मर की बैरिकेडिंग की जाएगी। सभी कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि यात्रा को लेकर कॉल सेंटर भी बनाया जाएगा, जिस पर उपभोक्ता अपनी समस्या बता सकेंगे। इसके अलावा कांवड़ शिविर को लेकर आने वाली समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही सभी विद्युत खंभों को पन्नी से ढका जा रहा है। जिससे करंट लगने से कोई हादसा न हो। इसके अलावा कांवड़ मार्गों पर ट्रांसफार्मरों पर बैरिकेडिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग ने




इन तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए टीमें भी गठित की हैं, जो कांवड़ यात्रा के दौरान इन व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगी। शरारती तत्वों द्वारा प्लास्टिक को हटाने की स्थिति में, उसे दोबारा लगाने का काम भी किया जाएगा। इस पूरे मामले में, बिजली विभाग के अधिकारी सतर्क रहेंगे।

# जीडीए ने नूर नगर से जोड़ने वाली सड़क निर्माण का कार्य किया प्रारम्भ

## रोड के निर्माण पर करीब 42 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने बंधा रोड को नूर नगर से जोड़ने वाली 18 और 24 मीटर चौड़ी रोड के निर्माण का कार्य आरंभ करा दिया है। ये कार्य रोड के निर्माण से प्रभावित किसानो़ से सहमति के बाद आरंभ हो पाया है। रोड के निर्माण पर करीब 42 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी । इसमें लगभग 32 करोड़ रूपए का भुगतान किसानों को प्रतिकर के तौर पर भुगतान किया जाएगा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का प्रयास ये है कि रोड के चौड़ाई मे मिट्‌टी भराई आदि का कार्य बरसात से पहले पूरा करा लिया जाए,ताकि एक बार मिट्‌टी के संघनन के बाद पक्की रोड के निर्माण का कार्य तेजी के साथ किया जा सकें। इनमें 18 मीटर चौड़ाई में लगभग 750 मीटर लंबी तथा 24 मीटर चौडाई में लगभग 350 मीटर लंबी है। इन रोड के निर्माण का कार्य एक लंबे समय से आरंभ नहीं हो पा रहा था।







### रोड से प्रभावित किसानों से सहमति के बाद शुरू हुआ काम

**करंट क्राइम।** किसानों की सहमति के मद्देनजर हाल ही में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान ये अहम फैसला लिया गया कि किसानों से भूमि का क्रय वर्तमान सर्किल रेट के दोगुने मूल्य पर आपसी सहमति से किया जाएगा। यह एक ऐसा गांव है,जहां पर 100 प्रतिशत किसानों ने सड़क निर्माण के लिए अपनी सहमति दी है। जल्द प्राधिकरण के पक्ष में किसानों के द्वारा बेनामे कर दिए जाएंगे। इससे पहले जीडीए की भू अर्जन और अभियंत्रण अनुभाग की टीम के द्वारा स्थल का निरीक्षण कर टोटल स्टेशन सर्वे टीएसएस के आधार पर भूमि के चिन्हांकन का कार्य पूरा करते हुए किसानों की मांग पर 18 और 24 मीटर चौडी सडक के लिए पिलरिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली गई।

### सड़क निर्माण से मिलेगी क्षेत्र में बेहतर यातायात की सुविधा

**करंट क्राइम।** प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्र को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी और मानचित्र स्वीकृत कर क्षेत्र का सुनियोजित विकास भी होगा व राजस्व भी प्राप्त होगा,जिसका उपयोग अन्य सड़कों के विकास कार्य में किया जा सकेगा,जैसे हम तुम रोड प्रस्तावित कमिश्नरेट सडक और सिकरोड जैसे अन्य मार्गों पर भी निर्माण कार्य करने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ रही है।

# आरसीबी के बॉलर यश दयाल पर यौन उत्पीड़न का आरोप

## गाजियाबाद में पीड़ित ने कहा- 5 साल से रिलेशन में थी, क्रिकेटर से पूछताछ होगी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आईपीएल चैंपियन आरसीबी के तेज गेंदबाज यश दयाल पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगे हैं। गाजियाबाद के इंद्रा पुरम में रहने वाली एक महिला ने ऑनलाइन पोर्टल में शिकायत दर्ज कराई है। इसमें क्रिकेटर पर शादी का झांसा देकर शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, इस शिकायती पत्र में क्रिकेटर का नाम नहीं है। गाजियाबाद के एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने दैनिक भास्कर से शिकायत की पुष्टि की है। उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर कहा- 'मामले में जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी क्रिकेटर यश दयाल ही है। अभी क्क्ष्क्र (ऑनलाइन शिकायत पोर्टल) से गाजियाबाद पुलिस को जानकारी मिली है। जल्द ही आरोपी क्रिकेटर का बयान दर्ज किया जाएगा।'

पीड़ित ने पोस्ट में सीएम योगी से गुहार लगाई पीड़िता ने सोशल प्लेटफार्म पर एक पोस्ट लिखकर यूपी के उट आदित्यनाथ से मदद की गुहार लगाई है। उसने बताया- यश दयाल के साथ पिछले 5 साल से रिलेशनशिप में थी। उसका आरोप है कि यश उनके अलावा



कई और लड़कियों के साथ रिश्ते में भी थे। 14 जून 2025 को उसने महिला हेल्पलाइन 181 पर कॉल किया, लेकिन पुलिस स्टेशन में कोई कार्रवाई नहीं हुई। महिला ने खुद को आर्थिक और सामाजिक रूप से असहाय बताया और न्याय के लिए सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय का रुख किया। पीड़ित ने आरोपों के समर्थन में चैट, स्क्रीनशॉट और वीडियो कॉल्स के रिकॉर्ड जमा किए हैं।

पुलिस बोली- दोनों पक्षों के बयान दर्ज करेंगे एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि आईजीआरएस पर एक महिला द्वारा शिकायत की गई है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। लिखित में शिकायत नहीं मिली है। पहले दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जाएंगे। पुलिस जांच कर रही है।

# पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने किया सड़क का उदघाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार को वार्ड 97 के पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने रामप्रस्थ डी ब्लॉक में नारियल तोड़कर सड़क का उद्घाटन किया। पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने कहा कि रामप्रस्थ के डी ब्लॉक रघुनाथ मंदिर से लेकर सी ब्लॉक तक सर्विस लाइन का इंटरलॉक टाइल्स लगवाने का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वार्ड में अन्य कार्य भी किए जा रहे हैं। पानी की पाइप लाइन डलवाने का काम शुरू होना है जो बहुत जल्दी शुरू होगा। वार्ड में काम की गति को धीमा नहीं होने देंगे। वार्ड का विकास ही मेरी प्राथमिकता है। मैं आपको विश्वास दिलवाता हूं, मेरे संज्ञान में हमारे वार्ड में जो भी कोई कार्य होगा शीघ्र ही करने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर पार्षद श्री भगवान अग्रवाल का लोगों ने स्वागत में आभार व्यक्त किया।



# राजस्व ग्राम मोरटी में अवैध कालोनी पर चला जीडीए का बुलडोजर

## जीडीए ने कहा, अवैध निर्माणों के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रहेगी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स द्वारा दिए गए सख्त निर्देशों के क्रम में शनिवार को प्रभारी प्रवर्तन 1 के नेतृत्व में राजस्व ग्राम मोरटी के खसरा नंबर 352 की एक हजार वर्ग मीटर एवं खसरा संख्या 175, 176 की करीब छह हजार वर्ग मीटर जमीन पर कालोनाइजर के द्वारा विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करते हुए निर्मित सड़क तथा प्लाटिंग के लिए किए गए डिमार्केशन को प्रवर्तन जोन 1 के समस्त स्टाफ व प्राधिकरण पुलिस बल की सहायता से अवैध निर्माण/अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। इस दौरान कुछ लोगों के द्वारा प्राधिकरण की कार्रवाई का विरोध किया गया,उन्हें स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से खदेड़ दिया गया। इस दौरान लोगों को सलाह दी गई कि कालोनाइजर के द्वारा काटी जाने वाली कालोनियों में क्रय विक्रय न करें,अन्यथा प्राधिकरण की कार्रवाई के दौरान होने वाले नुकसान के लिए वह खुद जिम्मेदार होंगे। अवैध निर्माणों के विरुद्ध ध्वस्तीकरण/सील की कार्रवाई इसी प्रकार आगे भी जारी रहेगी।

### मोदी सरकार की 11 वर्षों में रही हैं बड़ी उपलब्धियां : नरेश यादव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व महानगर महामंत्री भाजपा किशन मोर्चा गाजियाबाद नरेश यादव ने कहा कि मोदी सरकार की 11 वर्षों में बड़ी उपलब्धियां रही हैं। उन्होंने कहा कि वन रैंक वन पेंशन से ऑपरेशन सिंदूर तक, पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने 11 वर्षों में ऐतिहासिक रक्षा सुधारों की मिसाल कायम की है। भारत वैश्विक रक्षा बाजार में नई ताकत बनकर उभरा है। मोदी सरकार की रणनीति से भारत बना ब्रह्मोस और तेजस का वैश्विक निर्यातक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 11 साल पूरे कर लिए हैं। मई 2014 से मोदी सरकार की उपलब्धियां पैमाने और विलक्षण दोनों रूप में अभूतपूर्व हैं। रक्षा क्षेत्र में भी मोदी सरकार ने महत्वपूर्ण और स्पष्ट सुधार किया है। ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान को चार दिन से भी कम समय में घुटनों पर ला दिया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रक्षा क्षेत्र में किए गए क्रांतिकारी परिवर्तन की वजह से संभव हुआ है।



### 11 सालों में मोदी सरकार ने किए बेमिसाल काम : प्रेम त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व महानगर उपाध्यक्ष भाजपा गाजियाबादप्रेम त्यागी ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 11 सालों में बेमिसाल काम किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण, कृषि सुधार, महिला सशक्तिकरण, नेशन फर्स्ट, नेशनल सिक्योरिटी, समावेशी विकास आदि पर जोर देने के साथ कि युवाओं के लिए डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया अभियान शुरू किया गया है। सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 सालों में मोदी सरकार की नीतियों के कारण भारत विश्व के लिए रोल मॉडल बना है। जब कोरोना के समय में विश्व में महंगाई जोर पकड़ रही थी और आर्थिक विकास की गति कम हो रही थी, इसके उलट भारत में आर्थिक वृद्धि तेज और महंगाई कम रही। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प और उनकी सोच के कारण संभव बना।

# एटीएम काटने वाले बदमाश का एनकाउंटर, पैर में गोली लगी

## रोते हुए बोला : गलती हो गई छोड़ दो, चोरी नहीं करूंगा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विजयनगर थाना पुलिस ने शुक्रवार रात 2 बदमाशों को एनकाउंटर में अरेस्ट किया है। इनमें बागपत के कबीर के पुलिस ने दौड़ाकर पैर में गोली मारी है। पुलिस ने बताया कि यह गैंग दिल्ली, गाजियाबाद व नोएडा में दो पहिया वाहनों की चोरी व लूट करते थे। पूर्व में इसी गैंग ने एटीएम को कटर से काटकर पैसा भी चोरी किया है। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि पैर में गोली लगने से घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं घायल की एक वीडियो भी सामने आई है, जिसमें वह रोते हुए कहा कह रहा है कि अब चोरी नहीं करुंगा, मुझे छोड़ दो। अब चोरी कभी नहीं करूंगा।

पुलिस पर तमंचे से की फायरिंग एसएचओ विजयनगर शशि चौधरी शुक्रवार रात माधौपुर तिराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने बाइक सवार 2 संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया। जिन्होंने बाइक दौड़ा दी और आर्मीग्राउंड की तरफ भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी की तो एक बदमाश ने पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया। जिसमें पुलिस ने दौड़ाते हुए एक बदमाश के पैर में गोली मारी, जबकि दूसरे को घेरकर पकड़ लिया।



शौक पूरा करने के लिए बने चोर व लुटेरे एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि घायल ने अपना नाम कबीर पुत्र नवाब निवासी पठानकोट कस्बा बड़ौत जिला बागपत का रहने वाला है। जबकि दूसरा बदमाश सचिन चौधरी पुत्र बिजेंद्र निवासी अजनारा थाना शिकारपुर जिला बुलंदशहर है। पुलिस ने मौके से गाजियाबाद नंबर की एक स्पलेंडर बाइक, एक छोटा सिलेंडर, एक आक्सीजन सिलेंडर, क तमंचा और 4 कारतूस बरामद किए हैं। पूर्व में इसी गैंग ने एटीएम काटकर पैसा भी चोरी किया था, जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। दोनों पर एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

# पार्किंग विवाद में युवकों ने दिखाए हथियार सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर में स्थित ढफ होटल में हाजियों के स्वागत समारोह के दौरान पार्किंग विवाद ने तूल पकड़ लिया। थाना निवाड़ी क्षेत्र के गंगनहर के पास स्थित होटल में आयोजित कार्यक्रम में कुछ युवकों ने पार्किंग को लेकर विवाद किया। शिकायतकर्ता शाहजाद मलिक ने बताया कि वह परिवार और मेहमानों के साथ रिसेप्शन में मौजूद थे। इस दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और पार्किंग को लेकर बहस करने लगे। गाड़ी हटाने के बाद भी नशे में धुत युवकों ने बदसलूकी की। आरोपियों ने महिलाओं और मेहमानों से अभद्र व्यवहार किया। होटल में अफरा-तफरी मच गई। शाहजाद के अनुसार पूरी घटना होटल के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। एसएचओ निवाड़ी ने कहा कि मामले




की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर विवाद करने वालों की पहचान कर रही है। शिकायतकर्ता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समरकूल परिवार में खुशी का मौका है और खुशी के इस मौके को समरकूल परिवार के मुखिया संजीव गुप्ता ने फेसबुक पर साझा किया। उनके प्रिय पुत्र तुषार गुप्ता की रिंग सेरेमनी कार्यक्रम दिल्ली में आयोजित हुआ। समरकूल चेयरमेन संजीव गुप्ता ने माता रानी से ये प्रार्थना की कि वो बच्चों पर अपना आशीर्वाद बनाये रखें। खुशीयों से भरी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट आफ द डे।